


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 133

ग्वालियर, सोमवार, 31 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## भारत के पुनर्निर्माण के लिए सादगी, स्वदेशी, स्वभाषा, सत्याग्रह एवं साधन शुद्धि के 'गांधी विचार' महत्वपूर्ण : केन्द्रीय गृह मंत्री

### अमित शाह ने अहमदाबाद में मिट्टी के कुल्हड़ों से निर्मित गांधीजी के दीवार चित्र का अनावरणकिया

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शहीद स्मृति तथा गांधी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ़्रंट हाउस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दीवार चित्र (वॉल पेंट) का अनावरण करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सादगी, स्वदेशी, स्वभाषा, सत्याग्रह तथा साधन शुद्ध जैसे विचार भारत के पुनर्निर्माण के लिए आज भी उतने ही महत्वपूर्ण व प्रासंगिक हैं। यह दीवार चित्र भारत के हस्त-कारीगरों ने मिट्टी के 2975 कुल्हड़ों से तैयार किया है। अमित शाह ने इस दीवार चित्र अनावरण अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े ब्रिटिश साम्राज्य की दासता से देश को मुक्त करने का 'गांधी संकल्प बल' हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' समारोह का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि इस महोत्सव के चलते 1857 से 1947 तक भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के विषय में भारत की भावी पीढ़ी अवगत होगी। उन्होंने कहा कि यह अमृत महोत्सव हमें भारत की आज़ादी के 100 वर्ष के लक्ष्य निर्धारित करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी ने पूज्य बापू के खादी, स्वदेशी, स्वभाषा तथा हस्तशिल्प जैसे विचारों को पुनर्जीवित करने का प्रशंसनीय कार्य भी किया है। शाह ने कहा कि नरेंद्रभाई ने गुजरात में अपने मुख्यमंत्रित्व काल में स्वयं खादी की ख़रीदारी कर गांधीजी के विचारों को बल प्रदान करने की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री ने खादी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 'खादी फ़ॉर नेशन' के साथ 'खादी फ़ॉर फ़ैशन' का नारा भी जोड़ा। अमित शाह ने इस अवसर पर सभी नागरिकों से बापू के जीवन से प्रेरणा लेने का अनुरोध करते हुए कहा कि पूज्य बापू मूक तपस्वी तथा कर्मयोगी का जीवन जिए और उनका जीवन ही उनका संदेश बना। केन्द्रीय गृह मंत्री ने नागरिकों से स्वभाषा से नाता बनाए रखने का अनुरोध करते हुए कहा कि यदि हम अपनी स्वभाषा से नाता तोड़ देंगे, तो हमारा हमारी संस्कृति से भी नाता टूट जाएगा। अमित शाह ने इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों से खादी का उपयोग कर देश के ग़रीबों को गौरवपूर्ण जीवन जीने का अवसर देने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भी खादी उतनी ही प्रासंगिक है।



## अब्दुल्लाह आजम ने नवाब खानदान को अंग्रेजों का वफादार होना करार दिया

**लखनऊ।** सपा के दिग्गज नेता रहे आजम खान के पुत्र अब्दुल्लाह आजम फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में अपना विधायक पद गंवाने के बाद हाल ही में जमानत पर जेल से छूटे है अब्दुल्लाह आजम ने रामपुर के नवाब खानदान को 'अंग्रेजों का वफादार करार देते हुए उसकी संपत्ति जब्त करने की मांग की और कहा कि इस जायदाद को सरकारी संपत्ति बनाने के लिए आंदोलन चलाया जाएगा। अब्दुल्ला ने अरसे से अपने परिवार के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रामपुर के नवाब खानदान से तल्खी के बारे में पूछे जाने पर आरोप लगाया नवाब खानदान के लोग अंग्रेजों के वफादार थे। इसी वजह से उन्हें इनाम और उपाधियों से नवाजा गया। ऐसे लोगों की हिंदुस्तान में कोई जगह नहीं है। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला ने मांग की, मुल्क से गद्दारी के एवज में नवाबों को मिली जायदाद को जब्त कर लिया जाना चाहिए। रामपुर में नवाब खानदान की जायदाद को सरकारी संपत्ति बनाने के लिए आंदोलन चलाया जाएगा। स्वार सीट से भाजपा के सहयोगी अपना दल-सोनेलाल द्वारा नवाब खानदान के हैदर अली खां को उम्मीदवार बनाए जाने के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा, कौन हैदर अली खां... मैं उन्हें नहीं पहचानता।

## अखिलेश को सीधी टक्कर देंगी अपर्णा यादव



**नई दिल्ली।** हाल ही में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल हुई मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव अपने जेठ अखिलेश यादव के खिलाफ मैनपुरी की करहल सीट से मैदान में उतर सकती हैं। अखिलेश सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे, जबकि भाजपा ने इस सीट के लिए अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। कांग्रेस ने ज्ञानवती यादव और बीएसपी ने कुलदीप नारायण को इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। मुलायम सिंह परिवार के गढ़ मैनपुरी की चारों सीटों पर तीसरे चरण में 20 फरवरी को चुनाव होना है। सपा ने चारों सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, वहीं भाजपा ने अब तक तीन सीटों पर ही प्रत्याशी उतारे हैं। करहल से भाजपा ने अखिलेश यादव को चुनौती दे सकने वाले प्रत्याशी की तलाश में जुटी है। ऐसे में मैनपुरी और आसपास के इलाकों में इस बात की चर्चा भी है कि बीजेपी अपर्णा को अखिलेश के खिलाफ टिकट दे सकती है। इसी बीच शनिवार को एक निजी टीवी न्यूज़ चैनल के कार्यक्रम में अपर्णा ने इस बात के संकेत दिए हैं कि वह करहल सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। बीजेपी नेता अपर्णा यादव ने कहा है कि यदि पार्टी कहेगी तो मैं करहल सीट से भी चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं।

### मन की बात में बोले, मोदी

## भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को करता है खोखला, हमें कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए क्योंकि जहां कर्तव्य सर्वोपरि होता है वहां भ्रष्टाचार नहीं रह सकता। पीएम ने अपने पसंदीदा कार्यक्रम 'मन की बात' में बोलते हुए कहा, 'देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला करता है। लेकिन उससे मुक्ति के लिए इंतजार क्यों करें। यह काम हम सभी देशवासियों को आज की युवा पीढ़ी को मिलकर करना है जल्द से जल्द करना है।' उन्होंने कहा, 'इसके लिए बहुत जरूरी है कि हम अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता दें। जहां कर्तव्य निभाने का एहसास होता है, कर्तव्य सर्वोपरि होता है वहां भ्रष्टाचार भी नहीं रह सकता।' प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी की 74वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 2022 के पहले 'मन की बात' संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दिल्ली में राजपथ पर हमने देश के शौर्य और सामर्थ्य की जो झाँकी देखी, उसने सबको गर्व और उत्साह से भर दिया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश इन प्रयासों के जरिए अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को पुन ~ प्रतिष्ठित कर रहा है। मोदी ने कहा, 'हमने देखा कि इंडिया गेट के समीप 'अमर जवान ज्योति' और पास में ही 'राष्ट्रीय समर स्मारक' पर प्रज्ज्वलित ज्योति को एक किया गया जो यह एक भावुक पल था।' उन्होंने कहा कि देश में अभी पद्म सम्मान की भी घोषणा हुई है। पद्म पुरस्कार पाने वाले में कई ऐसे नाम भी हैं जिनके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'ये हमारे देश के अनाम हीरो हैं, जिन्होंने साधारण परिस्थितियों में असाधारण काम किए हैं।'

### अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता बापू की पुण्यतिथि पर राजघाट पहुंच राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** अहिंसा के पुजारी कहलाने वाले देश की आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की की आज पुण्यतिथि है। इस मौके पर देश भर के गणमान्य लोग बापू को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजधानी में राजघाट पर जाकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और पीएम नरेंद्र मोदी ने राजघाट पर 11 बजे बापू की समाधि पर माल्यार्पण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम 5 बजे पीएम मोदी, 30 जनवरी मार्ग (बिड़ला हाउस) जाएंगे और भजन में शामिल होंगे। बिड़ला हाउस में ही प्रार्थना के दौरान महात्मा गांधी की हत्या हुई थी। पीएम मोदी गांधी के पसंदीदा भजन वैष्णव जन के गायन में शामिल होंगे। पुण्यतिथि के मौके पर देश भर में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## भाई-बहन की पार्टी को आपदा आने पर भारत नहीं, इटली में बैठी नानी याद आती हैं : योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार में आरोप-प्रत्यारोप और व्यंग्यवाण से प्रतिद्वंदी को घायल और आहत करने का तीखा सिलसिला चालू हो गया है। चुनाव में जहा भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है वहीं कांग्रेस भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुलंदशहर में प्रभावी मतदाता सम्मेलन को संबोधित किया। इसी दौरान योगी आदित्यनाथ ने पहले की सरकारों पर निशाना साधा। साथ ही साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर भी जमकर हमले किए। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर हमला करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाई-बहन की पार्टी को आपदा आने पर भारत याद नहीं आता, तब इन्हें इटली में नानी याद आती हैं। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ लगातार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं और समाजवादी पार्टी, बसपा और कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना भी साधा रहे हैं। अखिलेश यादव और मायावती पर निशाना साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों को विकास के लिए फुर्सत नहीं थी। चाचा-भतीजे की पार्टी के लिए सैफई परिवार का विकास ही उनका सब कुछ था। बहनजी के लिए भतीजे का विकास ही सब कुछ था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने केविड-19 के खिलाफ लड़ाई लड़ी। राज्य में मामलों में अब गिरावट आई है... हमने राज्य में युवाओं को रोजगार मुहैया कराया है। समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में कोई विकास कार्य नहीं कराया। उत्तर प्रदेश आज शाम तक वैक्सीन की 26 करोड़ डोज़ देने वाला देश का पहला राज्य होगा।

## आज बापू जीवित होते तो उनके पैर छूकर चीन समस्या का समाधान पूछता : दलाई लामा



**नई दिल्ली।** आज अगर बापू (महात्मा गांधी) जीवित होते तो उनके पैर छूकर चीन समस्या का समाधान पूछता यह बात बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा ने राष्ट्रपिता महात?मा गांधी की 74वीं पुण्यतिथि पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए कही। दलाई लामा ने कहा है कि अगर इस समय महात्मा गांधी जिंदा होते तो वह उनके पैर छूना चाहते और चीन समस्या का उनसे हल पूछते। दलाई लामा ने महात्मा गांधी और चीन के संबंध में कई बातें की हैं। बौद्ध गुरु ने एक मीडिया इंटरव्यू में कहा है कि महात्मा गांधी के निधन को कई साल हो गए हैं। लेकिन अभी भी उनके विचारों को मौजूदा समस्याएं हल करने के लिए अपनाया जा सकता है। इनमें चीन की समस्या भी शामिल है। बता दें कि तिब्बत पर चीन के कब्जे के बाद से ही दलाई लामा भारत में बतौर रिफ्यूजी रह रहे हैं।

दलाई लामा ने कहा है, 'मेरे लिए महात्मा गांधी अहिंसा और करुणा के प्रतीक हैं। गांधी जी ने अपने जीवन से अहिंसा और करुणा दोनों सिद्धांतों का उदाहरण पेश किया है। मैं उन्हें अपना गुरु और खुद को उनका एक नन्हा-सा अनुयायी मानता हूं।' उन्होंने कहा, 'बचपन में हम महात्मा गांधी के बारे में पढ़ते-सुनते थे। पोटला पैलेस में ठहरने के दौरान मैंने सपने में महात्मा गांधी को देखा और उन्हें देखकर मुस्कुराया था। हालांकि मैंने उनसे सपने में बात नहीं की थी, मैंने बस उन्हें सपने में देखा था।' दलाई लामा ने 1956 में अपनी पहली भारत यात्रा को याद किया। वह उस दौरान दिल्ली स्थित महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट भी गए थे। उन्होंने कहा, 'जब मैं वहां प्रार्थना में खड़ा हुआ, तो मुझे उनसे व्यक्तिगत रूप से न मिल पाने का बहुत अफसोस हो रहा था। मेरी ख्वाहिश थी कि मैं उनसे मिलता तो पैर छूकर उन्हें प्रणाम करता और समाधान के रूप में पूछता कि चीन से कैसे निपटा जाए। 1989 में ओस्लो में नोबेल शांति पुरस्कार स्वीकारते हुए मैंने गांधी जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा था कि गांधी जी के जीवन ने मुझे सिखाया और प्रेरित किया।'

उन्होंने कहा, 'गांधी जी शायद हमारे समय के सबसे महान व्यक्ति थे। उन्होंने भारत और मानव जाति की भावना को बनाए रखने के लिए शांति और सद्भाव में सच्चे विश्वास को अपनी अंतिम सांस तक कायम रखा। उन्होंने अफ्रीका और अमेरिका में नेल्सन मंडेला और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे अनुयायियों को प्रेरित किया था।'

## टीवी स्क्रीन पर राम मंदिर की तस्वीर देख किसान नेता राकेश टिकैत भड़के



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा सहित पांच राज्यों में सियासी सरगर्मी चरम पर है। इसका असर टीवी स्टूडियों में भी देखने को मिल रहा है। किसान आंदोलन को लेकर सुर्खियों में आए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत एक टीवी डिबेट शो में शामिल होने पहुंचे थे। यहां उन्होंने पीछे लगी स्क्रीन पर राम मंदिर की तस्वीर देखी। इसे देखते हुए वह भड़क उठे। शो के एंकर के साथ उनकी तीखी बहस हो गई। राकेश टिकैत ने एंकर से पूछा कि आप किसके कहने पर मंदिर-मस्जिद दिखा रहे हो। उन्होंने टीवी चैनल पर देश को बर्बाद करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मंदिर-मस्जिद के बजाए, अस्पताल की तस्वीर लगाओ। ज्ञात हो कि राकेश टिकैत क टीवी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। चर्चा में शामिल होने के लिए जब वह पहुंचे तो स्क्रीन के ऊपर लिखा था किसान का मुख्यमंत्री कौन? नीचे अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की तस्वीर लगी थी। इसे देखते ही टिकैत भड़क उठे। उन्होंने न्यूज एंकर से पूछा कि आपके पास इसकी क्या मजबूरी है? आप किसका प्रचार कर रहे हो? यह क्या दिखा रहा है? टिकैत ने तेज आवाज में कहा कि कैमरा और कलम पर बंदूक का पहरा है।

इससे पहले राकेश सिंह टिकैत ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मतदाता केवल उन्हीं का पक्ष लेंगे जो किसानों के कल्याण की बात करते हैं। वे मोहम्?मद अली जिन्ना और पाकिस्तान का नाम लेकर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करने वालों का भला नहीं करेंगे। टिकैत ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि यूपी में किसान संकट से गुजर रहे हैं क्योंकि उन्हें अपनी उपज का कम मूल्य मिल रहा है और उन्हें अत्यधिक बिजली बिल का भुगतान करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यूपी विधानसभा चुनाव में प्रभावी मुद्दों के सवाल पर टिकैत ने कहा, किसानों, बेरोजगारों, युवाओं और मध्यम वर्ग के लिए महंगाई समेत तमाम मुद्दे हैं लेकिन जिन्ना और पाकिस्तान पर नियमित बयानों के माध्यम से हिंदू-मुसलमानों के बीच ध्रुवीकरण की भावना भड़काने की कोशिश की जा रही है।

### मौलाना तौकीर रजा की बहू निदा खान ने थामा भाजपा का दामन

**लखनऊ।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की बेला में सबसे रोचक दृश्य यूपी चुनाव में देखने को मिल रहे हैं। चुनाव से पहले नेताओं का दलबदल का सिलसिला लगातार जारी है। इन सबके बीच आज बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। जानकारी के मुताबिक 21 ऐसे लोग हैं जिन्होंने आज भाजपा का दामन थामा है। इनमें ऐसे कई नेता भी हैं जो अपनी पार्टियों के लिए वर्षों से जमीन पर काम करते रहे हैं।

## यूपी ने पांच सालों में तीव्र विकास देखा, राज्य सरकार ने वीआईपी संस्कृति को ईपीआई में बदला : राजनाथ



**लखनउ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव का प्रचार जोर-शोर से किया जा रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कासगंज पहुंचकर प्रभावी मतदाता सम्मेलन को संबोधित किया। राजनाथ सिंह ने कहा मेरे लिए कासगंज सिर्फ कासगंज नहीं है, बल्कि 'खासगंज' है। राजनाथ सिंह ने कहा हम विकास भी करेंगे और अपनी विरासत को भी संभालकर रखेंगे। उन्होंने कहा कि जो अपनी विरासत को संभालकर नहीं रख सकते उनकी हालत कटी पतंग जैसी हो जाती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले 5 वर्षों में तेजी से विकास देखा है। हमारी सरकार ने वीआईपी संस्कृति को ईपीआई में बदल दिया है। ईआईपी संस्कृति का मतलब है इवरी पर्सन इज इम्पोर्टेंट। इसका मतलब यह है कि हम किसी की हैसियत देखकर उसके साथ अपने रिश्ते तय नहीं करते। यही भाजपा की संस्कृति है। पिछली सरकारों पर हमला करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार रही हो या समाजवादी पार्टी की सरकार, उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे।

## खास खबर

### कोरोना से सक्रमित हुईं बालीवुड अभिनेत्री काजोल

**मुंबई।** देश में कोरोना संक्रमण के मामले अभी भी बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल भी कोरोना पॉजिटिव हो गई हैं। करीब दो महीने पहले उनकी बहन और अजय देवगन की साली तनीषा मुखर्जी भी कोरोना पॉजिटिव हुई थीं। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की। उन्होंने बेटी न्यासा देवगन की एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने लिखा, पॉजिटिव पाई गई हूं। मैं नहीं चाहती कोई मेरी रूडोल्फ नाक देखें। इसलिए दुनिया की सबसे प्यारी मुस्कान को देखते हैं। मिस यू न्यासा देवगन। काजोल के इस पोस्ट पर लोग उन्हें हिम्मत दे रहे हैं और उनकी रिकवरी की दुआ भी कर रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा ने नीसा की तारीफ करते हुए लिखा, वह स्टनिंग है। न्यासा फिलहाल सिंगापुर के ग्लियोन इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी की पढ़ाई कर रही हैं। इससे पहले, वह अपनी स्कूली शिक्षा के लिए सिंगापुर में थी।

### मुंबई-पुणे हाइवे पर भीषण दुर्घटना में 5 लोगों की मौत

**पुणे।** रविवार सुबह पुणे-मुंबई हाइवे पर लोनावला के पास हुई एक भीषण दुर्घटना में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. यह दुर्घटना सुबह आठ बजे पुराने पुणे-मुंबई महामार्ग पर हुई. मिली जानकारी के अनुसार मुंबई से पुणे की ओर तेज रफ्तार से जा रही फोर्ड गाड़ी मावल तालुके में स्थित शिलाटणे गांव के पास पुणे से मुंबई की ओर आ रहे कंटेनर से टकरा गई. हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई. दुर्घटना की जानकारी मिलते ही महाराष्ट्र सुरक्षा बल, आईआरबी पेट्रोलिंग, देवदूत, पुलिस और आस-पास के गांव वाले घटनास्थल पर पहुंचे और राहत व बचाव कायर किया. घटनास्थल पर कंटेनर के नीचे दबी हुई कार को बाहर निकाला गया. पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत होने के कुछ देर बाद इन पांचों शवों को भी बाहर निकाल लिया गया. यह टक्कर इतना भीषण था कि इसके धमाके आस-पास के गांवों तक सुनाई दिए. तेज धमाका सुनते ही गांव वाले घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कार कंटेनर के नीचे चली गई थी और उसके अंदर लोग खून से लथपथ पड़े थे. बताया गया है कि अधिक रफ्तार होने की वजह से कार के ड्राइवर का संतुलन अचानक गडबड़ा गया और कार डिवाइडर को क्रॉस करती हुई मुंबई की ओर आ रहे कंटेनर के नीचे चली गई. इस भीषण दुर्घटना से कार में सवार पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. कार भी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई.

### सभी राज्यों को 164.36 करोड़ से अधिक टीके प्रदान किये

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार देशभर में कोविड-19 टीकाकरण का दायरा विस्तृत करने और लोगों को टीके लगाने की गति को तेज करने के लिये प्रतिबद्ध है। कोविड-19 के टीके को सभी के लिए उपलब्ध कराने के लिए नया चरण 21 जून 2021 से शुरू किया था। टीकाकरण अभियान की रफ्तार को अधिक से अधिक टीके की उपलब्धता के जरिये बढ़ाया गया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीके की उपलब्धता के बारे में पूर्व सूचना प्रदान की जाती है, ताकि वे बेहतर योजना के साथ टीके लगाने का बंदोबस्त कर सकें और टीके की आपूर्ति श्रृंखला को दुरुस्त किया जा सके। देशव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निन्शुल्क कोविड टीके प्रदान करके उन्हें पूर्ण सहयोग दे रही है। टीके की सर्व-उपलब्धता के नये चरण में, केंद्र सरकार टीका निर्माताओं से 75 प्रतिशत टीके खरीदकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निन्शुल्क प्रदान करेगी। केंद्र सरकार द्वारा अब तक निःशुल्क और सीधे राज्य सरकार खरीद माध्यमों से टीके की 164.36 करोड़ से अधिक (1,64,36,66,725) खुराकें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उपलब्ध कराई गई हैं।



न्यूज़ ट्रैक....

## एल्फी नन की फुटबॉल खेलते हुए दिल का दौरा पड़ने से मौत

**लंदन** । ब्रिटेन के विभिन्न लोअर लीग क्लब की ओर से खेल चुके 35 साल के फुटबॉल खिलाड़ी एल्फी नन की दुबई में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वहां फुटबॉल खेल रहे थे, तभी उनके सीने में अचानक तेज दर्द उठा और वहां गश खाकर नीचे गिर गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। एल्फी कुछ साल पहले लंदन से दुबई शिफ्ट हो गए थे और यहां रियल एस्टेट एजेंट के तौर पर काम करते थे। एल्फी साउथ ईस्ट लंदन और केंट के कई फुटबॉल क्लब, जिसमें फिशर एफसी, केंटरबरी एफसी की तरफ से खेल चुके थे। ब्रिटिश फुटबॉलर एल्फी के निधन के बाद से साथी खिलाड़ी और क्लब गमजदा हैं, जिनके लिए वहां खेल चुके हैं।उनके पुराने क्लब फिशर एफसी ने कहा, हमें यह पता चला है कि क्लब के पूर्व मिडफील्डर एल्फी नन, जो 2015-16 सीजन में टीम के साथ थे कि दुबई में फुटबॉल खेलने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई है। इस दुख की घड़ी में हम एल्फी के परिवार और दोस्तों के साथ हैं।वहां शानदार खिलाड़ी थे।

## भारतीय अंडर-19 टीम की नजरें रिकार्ड पांचवें खिताब पर

**मुम्बई** । भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम की नजरें इस बार अपने पांचवें विश्व कप खिताब पर हैं। अब तक भारतीय टीम ने चार बार विश्कप जीता है। भारतीय टीम के कप्तान यश धुल भी टीम को जीत दिलाकर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पांचवें कप्तान बनना चाहेंगे। अब तक भारत की ओर से मोहम्मद कैफ, विराट कोहली, उम्मुक्त चंद और पृथ्वी शॉ की कप्तानी में ही भारतीय टीम ने विश्व कप जीता है। भारतीय टीम ने क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर रिकार्ड 10वीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इस जीत से उत्साहित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि अब टीम का लक्ष्य खिताब अपने नाम करना रहेगा। भारतीय टीम ने इस बार बेहद विपरीत हालातों में यहां तक का सफर तय किया है। टीम के कप्तान यश सहित छह खिलाड़ी टूर्नामेंट शुरु होने के बाद संक्रमित हुए थे, ऐसे में टीम को कुछ मैच अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बिना ही खेलना पड़ा। इसके बाद भी टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा। भारतीय टीम के साथ लक्ष्मण काफी मेहनत कर रहे हैं।

## दूसरा एएफसी महिला एशियाई कप खिताब दिलाने के लिए मेहनत करनी होगी

**मुंबई** । आस्ट्रेलियाई मिडफील्डर क्लेयर व्हीलर ने कहा कि थाईलैंड पर 2-1 की जीत के बाद टीम के हर खिलाड़ी को देश को दूसरा एएफसी महिला एशियाई कप खिताब दिलाने के लिए मेहनत करनी होगी। पिछले सितंबर में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाली व्हीलर ने राष्ट्रीय टीम के लिये पहले सीनियर टूर्नामेंट में प्रभावित किया है। टीम ने शुरूआती दिन इंडोनेशिया पर 18-0 से जीत दर्ज की जिसके बाद व्हीलर थाईलैंड के खिलाफ मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई।

# टीम इंडिया पिछले 16 साल से विंडीज के खिलाफ घर में नहीं हारी कोई वनडे सीरीज

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम फरवरी में वेस्टइंडीज के विरुद्ध घरेलू वनडे और उसके बाद टी20 की सीरीज खेलनी है। इसके लिए दोनों देश के बोर्ड ने भी अपनी-अपनी टीमें घोषित कर दी हैं। टीम इंडिया ने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ उसी के घर में वनडे सीरीज में हार झेली है। ऐसे में अब भारतीय टीम को विंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज जीतकर फैंस को खुशखबरी देने का मौका है। टीम इंडिया का अपने घर में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार रिकॉर्ड रहा है। मेजबान भारतीय टीम पिछले 16 साल से विंडीज के खिलाफ घर में कोई वनडे सीरीज नहीं हारी है। ऐसे में अब उसके पास यह अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखने का मौका है।

भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने घर में पिछली 6 वनडे सीरीज में लगातार जीत दर्ज की है। अब टीम इंडिया 7वीं बार सीरीज जीतना चाहेगी। पिछली बार वेस्टइंडीज ने भारतीय टीम को उसके घर में नवंबर 2002 में हराया था। तब टीम इंडिया को 7 वनडे की सीरीज में 4-3 से हार झेलना पड़ी थी। उसके बाद से अब तक भारतीय टीम ने अपने घर में विंडीज



से कोई वनडे सीरीज नहीं हारी है। दोनों टीम के बीच अभी तक भारत में 11 वनडे सीरीज खेली गई है। जिसमें से टीम इंडिया 7 सीरीज और वेस्टइंडीज 4 सीरीज जीत हैं। दोनों टीमें पिछली बार भारतीय जमीन पर दिसंबर 2019 में आमने-सामने आई थीं। तब दोनों टीम के बीच 3 वनडे की सीरीज खेली गई थी। इसमें भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 2-1 से हराया था। वेस्टइंडीज ने भारत में पहली बार अक्टूबर 1983 में वनडे सीरीज खेली थी। तब उसने 5 मैच की सीरीज में टीम इंडिया को क्लीन स्वीप किया था। यह वनडे सीरीज वर्ल्ड कप के बाद खेली गई थी। तब 1983 के वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर ही खिताब जीता था। ओवर आल देखा जाए तो दोनों टीम के बीच कुल 21 वनडे सीरीज खेली गई है जिसमें से टीम इंडिया 13 और वेस्टइंडीज 8 सीरीज जीत हैं

टीम इंडिया को अपने घर में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे और उसके बाद तीन टी20 की सीरीज खेलनी है। वनडे सीरीज के सभी मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 6, 9 और 11 फरवरी को खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों टीमें तीन टी20 की सीरीज कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 16, 18 और 20 फरवरी खेलेंगी।

# आस्ट्रेलियाई ओपन में इतिहास रचने की कगार पर नडाल और मेदवेदेव

**मेलबर्न** । पिछले साल जुलाई में विम्बलडन खत्म होने के बाद से टेनिस जगत में एक ही चर्चा है, कि 21 ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाला पहला पुरूष खिलाड़ी कौन होगा। पूरा फोकस नोवाक जोकोविच पर रहा और किसी ने भी राफेल नडाल के बारे में नहीं सोचा। अब 2022 के पहले ग्रैंडस्लैम का फाइनल खेलने जा रहे नडाल इतिहास रचने से एक जीत दूर है। उनका सामना अमेरिकी ओपन चैम्पियन दानिल मेदवेदेव से होगा जो लगातार दूसरा खिताब जीतने की दहलीज पर पहुंचे चुके है और पहले ग्रैंडस्लैम के बाद लगातार दूसरा जीतना भी अपने आप में एक रिकॉर्ड है। आस्ट्रेलियाई ओपन शुरू होने से एक दिन पहले जोकोविच के निर्वासन और नडाल के लंबे समय कोर्ट से दूर रहने से पहले 21वें ग्रैंडस्लैम की होड़ काफी रोमांचक थी। पैर की चोट से जूझने और कोरोना संक्रमण का शिकार होने के बाद नडाल



को पता नहीं था कि वह आस्ट्रेलियाई ओपन खेल भी सकेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि मेरा फोकस सिर्फ आस्ट्रेलियाई ओपन पर है और कुछ नहीं। मेरे लिए 21वें खिताब से अधिक अहम है कि मैं यहां खेल रहा हूं।

फेडरर और जोकोविच के समान नडाल के नाम 20 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं। कोरोना टीकाकरण के कड़े नियमों का



पालन नहीं करने के कारण जोकोविच को आस्ट्रेलिया से निर्वासित किया गया, जबकि फेडरर दाहिने घुटने की सर्जरी के बाद अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं। नडाल ने 2020 फ्रेंच ओपन में अपना 20वां खिताब जीता था। वहीं जोकोविच 2021 में आस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और विम्बलडन जीतकर 17वें से 20वें खिताब तक पहुंचे।

# टेलर को पहले जाल में फंसाकर स्पॉट फिक्सिंग के लिए ब्लैकमेल किया

**मुंबई** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक दिन पहले जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रैंडन टेलर पर स्पॉट फिक्सिंग की पेशकश की जानकारी समय पर नहीं देने के लिए साढ़े 3 साल का प्रतिबंध लगाया है।आईसीसी और ब्रैंडन टेलर के बीच मामले को लेकर जो सुनवाई हुई, उसका आधिकारिक ब्यौरा सामने आया है। इसमें चौंकाने वाले खुलासा हुआ है कि टेलर को पहले जाल में फंसाया गया और फिर उन्हें स्पॉट फिक्सिंग के लिए ब्लैकमेल किया गया। जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान टेलर की गलती यह हैं कि उन्हें जब भारतीय बिजनेसमैन ने स्पॉट फिक्सिंग के लिए मोटी रकम की पेशकश की,तब उन्होंने काफी देरी से आईसीसी की इसकी जानकारी दी। आईसीसी और टेलर के बीच हुई सुनवाई का जो आधिकारिक ब्यौरा सामने आया है, उसके मुताबिक, 31 मार्च 2020 को ब्रेंडन टेलर ने पहली बार भारतीय बिजनेसमैन द्वारा की गई।







# शहर में चल रहे घटिया निर्माण देखकर भड़के विधायक, लगाई फटकार



भिण्ड। शहर में इन दिनों चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के लिए जब बसपा विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने निरीक्षण किया तो घटिया काम देकर ठेकेदारों की क्लास लेते हुए सख्त निर्देश दिये है कि घटिया कार्य जिले में किसी तरह का बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इन दिनों वॉटर लाइन को बिछाने के लिए सड़कों को खोदा गया था। इसके बाद उन सड़कों की मरम्मत भी कर दी गई थी। विधायक सड़कों के मरम्मत कार्य का निरक्षण करने पहुंचे थे। भिंड विधायक ने घटिया निर्माण देख कर ठेकेदारों की क्लास ले ली। विधायक ने मौके पर मौजूद नगर पालिका इंजिनियरों पर नाराजगी जाहिर करते हुए चेतावनी दे डाली कि अगर काम समय पर और ठीक से नहीं हुआ, तो वे शहर की सबसे ऊंची बिल्डिंग पर ले जाकर लटका देंगे। यह है मामला दरअसल भिंड शहर में बीते दो सालों से टाटा कम्पनी द्वारा आरओ वॉटर प्रोजेक्ट के तहत लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। लेकिन इस कार्य के लिए खोदी गई सड़कों का मरम्मत कार्य महीनों से अधूरा पड़ा है। यदि कहीं मरम्मत कार्य किया भी गया है तो बहुत ही खराब है। इसकी शिकायत कई बार स्थानीय लोगों द्वारा की गयी हैं। इसी तारतम्य में स्थानीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह शहर में चल रहे सड़कों के मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे।

### विधायक ने लगाई फटकार

शहर की हाउसिंग कॉलोनी में नपा इंजीनियर और ठेकेदारों की मौजूदगी में विधायक ने खुद कुदाल लेकर मरम्मत की गयी सड़क खोदी जो आसानी से उखड़ गई। मरम्मत कार्य की गुणवत्ता की पोल सामने आ गई। इस पर विधायक ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने पूछा कि यह सड़क कितने दिन चलेगी। इस पर नगर पालिका अधिकारियों ने सफाई देते हुए कहा कि यह कार्य दो दिन पहले ही किया गया है। विधायक ने इस पर जवाब दिया कि सीसी रोड एक रात में सेट हो जाती है। इस तरह का घटिया निर्माण नहीं चलेगा हम भुगतान पूरा करेंगे तो काम सही होना चाहिए। आप सोच रहे हो कि ऐसा काम करके निकल जाएंगे, ये नहीं होगा। मैं विधानसभा में भी नगरपालिका से शहर की हर गली में हुए कार्य की जानकारी मांगूंगा। आप 5 महीनों से काम नहीं कर रहे। टाटा संस को तो कठघरे में खड़ा करा दूंगा, उन्होंने सख्त लहजे में वॉर्निंग देते हुए कहा कि मेरे बताए समय तक काम सही तरीके से पूरा हो जाना चाहिए।

# युवा मोर्चा ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात और महात्मा गांधी पुण्यतिथि पर उनकी की प्रतिभा पर किया माल्यार्पण

**आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वार्ड क्र. 5 बूथ क्र.40 भाजपा नेता सिद्धार्थ जैन के निवास पर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना**

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अटेर विधानसभा के पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया ने मन की बात कार्यक्रम के बाद युवाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारतीय संस्कृति के साथ हमें शिक्षा और देश के विकास के विचारों के अद्भुत प्रेरणा दी है भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचाकर उन्हें जागृत करें। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाहा एडवोकेट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संस्कृति की मुख्य पहचान के मन की बात कार्यक्रम में हमें जो अपने राष्ट्रीय नीतियों देश के विकास की विचारधारा के लिए जागृत किया हैए युवा मोर्चा पूरी ताकत के साथ समाज को जागृत करते हुए उनके विचारों को जन.जन तक पहुंचाने का काम करेगा। युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मन की बात कार्यक्रम से युवाओं में समाज में कुछ नया करने का प्रेरणा मिलती है। और हमारी भारतीय संस्कृति के विविध रंगों और आध्यात्मिक शक्ति ने हमेशा से दुनियाभर के लोगों को अपनी ओर खींचा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाहा एडवोकेट के नेतृत्व में सभी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने शहर के गांधी मार्केट पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों में अतुल पाठक, प्रिंस दुबे, जिला महामंत्री उपेंद्र राजोरिया, सुभाष मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदोरिया टीपूए आकाश पुरोहित,अनिल कटारे डॉ तरुण शर्मा सिद्धार्थ जैन महेंद्र सिंह कुशवाह, मोनू नरवरिया, प्रतीक पांडे, सर्जन सिंह नरवरिया, रोहित शाक्य, संजय श्रीवास, सोनू, सौरभ जैन, गिरजा नरवरिया, सोनू रावत, संजीव पाराशर, संजय जैन, हरिकिशन चौधरी, लव कुश परिहार रवि तोमर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पंचायत भवन में सरपंचपति ने लगा दी अवैध शराब की फैक्ट्री, छापामार कार्रवाई में 2 पेटी शराब, 20 लीटर ओपी सहित जकीरा जब्त

**रिदौली ग्राम पंचायत भवन में रिदोली गांव के एक मुखबिर की सूचना पर शनिवार को पुलिस ने दबिश देकर पकड़ी अवैध शराब व निर्माण सामग्री**



भिण्ड। रिदौली ग्राम पंचायत भवन में शनिवार को पावई थाना पुलिस ने अवैध शराब की फैक्ट्री जब्त की है। पुलिस ने सचिव को बुलाकर ताला तुड़वाया तो अंदर कमरे में देशी शराब, ओपी, खाली क्वाटर सहित बारदाना बरामद हुआ। बताया गया कि पंचायत भवन में सरपंच पति विमलेश बघेल द्वारा यह अवैध धंधा चलाया जा रहा था। पुलिस ने अवैध शराब सहित सामान जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पावई थाना प्रभारी सुधाकर सिंह तोमर ने बताया शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि पंचायत भवन में अवैध तरीके से देशी शराब का कारोबार संचालित किया जा रहा है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंची तो सबसे पहले सरपच रीमा बघेल के पति विमलेश को बुलाया, लेकिन वह भाग निकले। उसके बाद सचिव हीरेंद्र प्रताप सिंह नरवरिया ने आकर ताला खोला। पंचायत भवन के कमरे में 10 बोरा बरामद हुए हैं। जिसमें 5 हजार खाली क्वॉटर, 20 लीटर ओपी, दो कट्टियों में 70 लीटर कच्ची शराब, बिना रैपर की 2 पेटी देशी शराब (कीमत 60 हजार रुपए) जब्त की है।

### जनप्रतिनिधि अवैध कारोबार में संलिप्त :

एक तरफ जहां एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा अवैध शराब के खिलाफ माफिआओं पर शिकंजा कसा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर खुद जनप्रतिनिधि इस अवैध धंधे में संलिप्त नजर आ रहे हैं। विगत दिनों इंदुर्खी में सरपंच के घर से अवैध उत्खान के वाहनों का डीजल प्राप्त हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने सरपंच के खिलाफ, एफआईआर दर्ज कर दी। शनिवार को फिर से रिदौली गांव में पंचायत भवन के अंदर अवैध शराब बरामद हुई हैए जिसमें सरपंच पति की संलिप्तता नजर आई है। फिलहाल सरपंचपति फरार है, पुलिस ने समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं की।

### इनका कहना है :

पंचायत भवन में अवैध शराब बरामद हुई है। बताया गया कि सरपंच पति फरार है। जिससे पुलिस फिलहाल उन्हें ही दोषी मानकर चल रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

**-शैलेंद्र सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक**

# शिवाजी पब्लिक स्कूल परिसर में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मंडल की बैठक सम्पन्न



मालनपुर। ग्वालियर सीमा पर स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल मैं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मंडल की बैठक की गई जिसमें प्राइवेट स्कूल संचालकों को स्कूल चलाने एवं करोना पहली लहर व दूसरी लहर के काल के बाद निरंतरता रखने में आ रही बाधा को मद्देनजर रखते हुए प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने कई विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जिसमें उन्होंने कहा कि सबसे पहले हम सभी को संगठन की एकता की शक्ति एवं एक रहने की मजबूती रखनी होगी इसी के बाद हम प्राइवेट स्कूल मैं आ रही समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षा अधिकारी अन्य में कर्मचारियों के पास अपनी आवाज बुलंद तरीके से उठा सकते हैं बैठक में शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू के द्वारा सभी स्कूल संचालक व शिक्षकों को चाबी के छल्ले कैलेंडर एवं मार्क्स देकर सम्मानित किया गया एवं सभी को स्वल्पाहार खिलाकर विदा किया। बैठक में उपस्थित रहे ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिंह कुशवाह, उपाध्यक्ष सुनील पाठक, सचिव शैलेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा मंडल सचिव गया। प्रसाद किरार मंडल कोषाध्यक्ष दिनेश सिंह परिहार, सह सचिव मनीष अग्रवाल एवं एसोसिएशन के सदस्य अनिल शर्मा, धीरज शर्मा अमित राजावत, राम प्रकाश बंसल, अरविंद जादौन, अरविंद सेगर, दीपक गोयल, बृजमोहन शर्मा ऐसे एक दर्जन से अधिक स्कूल संचालक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 18 क्वार्टर के साथ युवक गिरफ्तार

भिण्ड। गोहद चौराह थाना क्षेत्र के कनीपुरा मोड के पास एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया और उसके पास से अवैध शराब जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर 3.30 बजे वृन्दावन कुशवाह पुत्र रामकरन निवासी कनीपुरा जो क्षेत्र के मोड पर अवैध शराब की बिक्री करते हुए पुलिस ने दबोच लिया और उसके पास से 18 क्वार्टर शराब जब्त की गई। पुलिसे ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### पत्ते खेलने की मना करने पर की मारपीट

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.5 में कुछ लोग ताश के पत्ते खेल रहे थे, जब एक युवक ने इसका विरोध किया तो उक्त तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों पर अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रणवीर पुत्र चेतराम जाटव निवासी वार्ड क्र.5 ने बताया उसके घर के बगल से शनिवार रात 11 बजे उसी मोहल्ला निवासी गट्टा मुश्लमान, जोनी बाथम, सिंका जाटव ताश के पत्ते खेल रहे थे, जब उसने देने से मना किया तो जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने फरियाादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सूने मकान के चोरों ने चटकाए ताले, गहने, चोरी

भिण्ड। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.35 में एक मकान सूना पड़ा हुआ था, जिसको चोरों ने निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और गहने, नगदी सहित बाइक, गैस सिलेंडर आदि चोरी कर ले गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चोरों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अरुण यादव पुत्र होशियार सिंह यादव निवासी सरस्वती नगर वार्ड क्र.35 ने बताया शनिवार- रात 12 बजे अज्ञात चोरों ने उसके मकान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर सोने-चांदी के गहने सहित साडियां, गेट के साइड मे खड़ी बाइक, ग्रीन रंग की एवं रसोई में रखी भारत गैस कंपनी सिलेंडर आदि चोरी कर ले गये।

# पूर्व सरपंच की गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार



भिण्ड। मौ थाना क्षेत्र के गोरियाची गांव पूर्व सरपंच अपने खेतों पर रोज की तरह फसल की रखवाली करने के लिए नीद में सो रहा था, इसी दौरान आधी रात को किसी बदमाश ने दो गोली मारकर उसकी हत्या कर दी और वारदात को अंजाम देकर मौके से दबे पांव फरार हो गया। जब देर सुबह तक वृद्ध घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने खेत पर जाकर देखा तो उनकी बॉडी खून में लथपथ मिली। घटना की सूचना तुरंत मौ थाने को दी, जिसके बाद मौके पर एसडीओपी नरेन्द्र सौलंकी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मामले की जांच पड़ताल शुर कर दी, जिसमें प्रथम दृष्टया अभी हत्या किसने की और कैसे हुई जिसके बारे में किसी तरह का सुराग नहीं लगा है, लेकिन पुलिस अंधे कत्ल मामले में खुलासा करने का दावा कर रही है। मौके पर अधिकारियों ने जांच पड़ताल के लिए फोरेंसिक दल बुलाया गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे वारदात की तहकीकात की जांच में जुट गई।

घटना के संबंध में गोहद एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया मौ थाना क्षेत्र के ग्राम गोरियाची गांव में रहने वाले 70 वर्षीय पूर्व सरपंच कप्तान सिंह पुत्र धनीराम यादव की शनिवार-रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पूर्व सरपंच कप्तान सिंह शनिवार की रात घर से भोजन ग्रहण करके हर रोज की तरह खेतों पर पहुंचे। यहां झोपडी में रात के समय सोए हुए थे। पूर्व सरपंच सुबह सात से आठ बजे के बीच तक अपने घर आते थे। रविवार को जब वो वापस घर नहीं आए तो उनके छोटे लडके अरविंद खेत पर पहुंचा। यहां पूर्व सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। मौके पर अधिकारियों ने जांच पड़ताल के लिए फोरेंसिक दल बुलाया गया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे वारदात की तहकीकात की जांच में जुट गई।

# नीम के पेड से खुले तारों से किशोर का लगा करंट

भिण्ड।

मौ थाना क्षेत्र के ग्राम छरैंटा में एक किशोर को नीम के पेड पर पड़े खुले तारों से करंट लग गया, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। घायल को उपचार के लिए डायल 100 को फोन लगाया, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर उसे स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

रविवार दोपहर सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनांक 30.01.2022 को प्राप्त हुई । सूचना प्राप्ति पर तत्काल भिंड जिले के मौ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया । डायल-112/100 एफ्आरव्ही स्टाफने घटना स्थल पर पहुंचकर बताया कि एक 12 वर्षीय बालक राहुल जाटव पिता जगदीश जाटव नीम के पेड पर चडा था, पास से ही बिजली के 11 केव्ही के तार निकले थे । बिजली के तार की चपेट मे आने से करंट लगने से बालक पेड से गिर गया था । डायल-112/100 सेवा द्वारा घायल बालक को शासकीय अस्पताल मौ पहुंचाकर उपचार उपलब्ध करवाया गया।

### सट्टे की पर्चियां खिलते हुए एक युवक गिरफ्तार

भिण्ड।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के मेला ग्राउण्ड परिसर पंप के पास एक युवक सट्टे की पर्चियां लिख रहा था, सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से पर्ची सहित नगदी जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विशाल शाक्य पुत्र राकेश शाक्य निवासी सुभाष नगर जो क्षेत्र के मेला ग्राउण्ड परिसर पंप के पास शराब की बिक्री करते हुए पुलिस ने शनिवार शाम 7.30 बजे दबोच लिया और उसके पास से 700 रुपये नगद, लीड पेन, तीन सट्टे की पर्ची जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## अमर जवान ज्योति को बुझा, कर जज्बात और यादें को धुमिल करने की कोशिश : खबरीलाल

**विनोद तकिया वाला**

विश्व के सबसे बड़े प्रजातंत्र भारत , भारत की राजधानी व ऐतिहासिक शहर दिल्ली,दिल्ली की धरोहर इंडिया गेट %इण्डिया गेट पर अवस्थित अमर जवान ज्योति। केन्द्र सरकार द्वारा नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाना अच्छी बात है, लेकिन सरकार के द्वारा अमर जवान ज्योति अखण्ड ज्योति स्वरूप मशाल को बुझा कर आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा स्थापित करने की खबर से प्रत्येक देश प्रेमी के लिए आर्शचय की बात है । परिणाम स्वरूप सियासी राजनीति के गलियारे में सता पक्ष व विपक्ष के मध्य वाक्य युद्ध छिड़ गया है। सता पक्ष नेता जी के नाम पर अपनी राजनीति चमकाने का स्वर्णिम अवसर के रूप में अपने पक्ष व समर्थकों का दिल जीतने का भरसक प्रयास कर रहा है वही दुसरी ओर विपक्ष इसे भारतीय को इतिहास बदलने का प्रयास बता रही है। इस संदर्भ में विपक्ष ने सरकार से यह प्रशन कर रही है क्या -केन्द्र सरकार दो स्थानों पर हमारे अमर जवानों के नाम ज्योति जला सकती थी । इस संदर्भ में आम आदमी पार्टी राज्यसभा सांसद डा सुशील गुप्ता ने पंजाब के विधान सभा चुनावी जनसम्पर्क अभियान के दौरान कही।सुशील गुप्ता ने कहा कि हम सरकार के इंडिया गेट पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाए जाने का स्वागत करते है, लेकिन भारत के गुमनाम सैनिक की श्रद्धांजलि का प्रतीक, अमर जवान ज्योति को बुझा कर वॉर मेमोरियल की ईटरनल फ्लेम मे मिलाने का विरोध भी करते है । वे मानते है कि ज्योति से ज्योति तो जलाई जाती है लेकिन एक 50 बर्षो से जलती अखण्ड ज्योति को बुझा कर दुसरी ज्योति जलाई जा रही गई। भारत का इतिहास इसे कभी माफ नही करेगा । आप को बता दे दिल्ली के दिल मे 50 वर्षों से जलती आ रही अमर जवान ज्योति,जो भारत के गुमनाम सैनिक की श्रद्धांजली स्वरूप अखण्ड जलता मशाल सम्मान का प्रतीक भी है जिसे बुझा कर वॉर मेमोरियल की ईटरनल फ्लेम मे मिला दिया गया है, ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम दो जगह पर शहीदों को श्रद्धाजंलि देने के लिए अमर जवान ज्योति को जला कर नहीं रख सकते। सरकार के पास इसके लिए समय या इच्छा शक्ति की कमी है। जैसा कि विदित है कि इंडिया गेट जिसे पहले भारतीय वॉर मैमोरियल कहा जाता था 90,000 सैनिकों को समर्पित है। जिन्होंने ब्रिटिश इंडिया आर्मी मे 1914-1921 के बीच शहादत दी। ब्रिटिश आर्मी के 13,300 सैनिक और अफसरों के नाम इंडिया गेट पर लिखे हुए हैं। 1972 मे बांग्लादेशी स्वतंत्रता युद्ध के बाद इंडिया गेट के अंदर काले मार्बल पर उल्टी राईफल और सैनिक की हेलमेट के साथ अमर जवान ज्योति का निर्माण हुआ और इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा किया गया था।गुमनाम वीर सैनिक को श्रद्धांजलि का प्रतीक अमर जवान ज्योति पिछले 50 वर्षों से लगातार जल रही थी। आर्मी,नेवी और एयरफोर्स के एक सैनिक 24 घंटे अमर जवान ज्योति की निगरानी पर तैनात रहते थे।जो साधारण भारतीयों को अपने सैन्य बल के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बहुत ही भावात्मक व प्रेरणा स्थल रहा है।केन्द्र में सतारूढ़ भाजपा सरकार ने पिछले 50 वर्षों की दो पीढ़ियों के जज्बात और यादों के प्रतीक को कल बुझा दिया गया है।जिसे 20 जनवरी को 400 कदम दूर राष्ट्रीय समर स्मारक की ईटरनल फ्लेम मैं अमर जवान ज्योति का स्थानांतरण कर दिया गया। भारतीय के सच्चे राष्ट्र प्रेमी में अफसोस है की वीर सैनिको की याद को बिना किसी विशेष वजह से खत्म कर दिया गया।

# बेटियों के हक में हर दिन बात होनी चाहिए...

**सोनम लववंशी**

हर साल की भांति इस वर्ष भी 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाएगा। इतना ही नहीं लड़कियों की तरक्की के बड़े-बड़े वादे और दावे किए जाएंगे और बेटियों के सम्मान में क़सीदे भी पढ़ें जाएंगे। तमाम राजनेता जादुई जिन्न की तरह लड़कियों की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के लिए बड़ी-बड़ी योजनाओं की घोषणाएं करते नही थकेंगे। यहां तक कि बेटियों के सम्मान में पोस्टर और विज्ञापन तक लगाए जाएंगे। पर सवाल यह उठता है कि क्या बालिका दिवस मनाने भर से बालिकाओं की स्थिति सुधर जाएंगी। निसंदेह इसका जवाब ना में ही होगा, क्योंकि ऐसा कोई दिन नहीं होता जब लड़कियों पर हो रहे अत्याचार मीडिया जगत की सुर्खियां न बनते हो। लैंगिग असमानता, बलात्कार, दुर्व्यवहार और ऐसे अनगिनत अपराध बालिकाओं के हिस्से में हर भोर की पहली किरण के साथ लिख दिए जाते है। जिससे समाज के हर वर्ग की लड़कियों को जूझना पड़ता है। वैसे तो हमारे देश में 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बालिकाओं में फैली लैगिंग असमानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरुआत की गई थी। तब से ही प्रतिवर्ष 24 जनवरी को बालिका दिवस के रूप में मनाया जा रहा है और आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां लड़कियों ने अपने हुनर का लोहा न मनवाया हो पर विडंवना देखिए कि आज भी लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। भले ही आज समाज में महिला समानता का ढिंढोरा पीटा जा रहा हो लेकिन ऐसा कोई क्षेत्र नजर नहीं आता जहां बेटियों को बराबरी का अधिकार दिया गया हो। हमारे अपने देश में एक तरफ तो लड़कियों को देवी मानकर पूजे जाने की प्रथा है तो वहीं दूसरी तरफ़ जब अपने घर में बेटियां पैदा होती है तो मातम पसर जाता है। बेटियों को अभिशाप समझा जाता है। अब जरा आंकड़ों पर ही गौर करे तो जून 2020 में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) द्वारा जारी वैश्विक आबादी की स्थिति 2020 की रिपोर्ट में 2013 से 2017 के बीच करीब 12 लाख लड़कियां के जन्म के समय ही लापता होने की बात कही गई। वही भारत में भी प्रतिवर्ष चार लाख 60 हजार लड़कियां जन्म के समय ही लापता हो जाती है। यही वजह है कि हमारे देश में लिंगानुपात की गहरी खाई बन गई है। यूएन की रिपोर्ट की माने तो हमारे देश में प्रत्येक वर्ष 7,50,000 लड़कियों को मां के पेट में ही मार दिया जाता है। देश में गर्भपात के आंकड़ो में पिछले वर्ष की तुलना में 80 प्रतिशत वृद्धि हुई है सो अलग। ऐसे में भले ही कन्या भ्रूण हत्या में पंजाब हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्य अग्रणी रहे हो, लेकिन अमूमन पूरे देश में कन्याभ्रूण हत्या की तस्वीरे चौकाने वाली ही है।

उल्लेखनीय है कि मेलिंडा गेट्स ने कहा था कि, ÷जब आप किसी लड़की को स्कूल भेजते हैं, तो इस भले काम का असर हमेशा के लिए रहता है।÷ इतना ही नहीं उनका यह भी कहना था कि यह पहल पीढ़ियों तक जनहित के तमाम कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करती है, स्वास्थ्य से लेकर आर्थिक लाभ, लैंगिक समता और राष्ट्रीय समृद्धि तक। अब सोचिए अगर एक बालिका के स्कूल जाने मात्र से इतनी चीजें समृद्ध होती है, फ़िर आज की इक्कीसवीं सदी में भी हमारी सोच दकियानूसी क्यों? क्यों आज भी अधिकांश बच्चियां स्कूलों का मुंह देखने से वंचित रह जाती हैं? और जो स्कूल का मुंह देखती भी हैं वह आगे की पढ़ाई जारी क्यों नहीं रख पाती हैं? ऐसे में एक बात तो स्पष्ट है कि इस एक दिन दिवस मना लेने से स्थिति में बदलाव नहीं आने वाला। उसके लिए समग्र स्तर पर और सामाजिक चेतना का विकास करना जरूरी है।



मालूम हो कि आज विश्व भर में जलवायु परिवर्तन की गूंज सुनाई दे रही है। साथ ही साथ इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक नुकसान की भी चर्चा आम बात हो गई है। पर इन समस्याओं से भी बड़ी समस्या है आधी आबादी के साथ हो रहे लैगिंक दुर्व्यवहार, लेकिन इसपर चर्चा न होना एक दुःखद एहसास कराता हैं। बता दें कि वर्ष 2030 तक विश्व के लगभग सभी देश एक सुर में गरीबी उन्मूलन, भुखमरी, असमानता और लैगिंक न्याय जैसी तमाम बुराइयों को समाप्त करने की बात करते है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण उपजे संकट से इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की राह को और कठिन बना दिया है। महिलाओं को कभी धर्म-परम्पराओं के नाम पर तो कभी आर्थिक विषमता के नाम पर लैगिंक भेदभाव का सामना करना पड़ता है और तो और जलवायु परिवर्तन ने लैगिंक समस्या को और विकराल बना दिया है। जलवायु परिवर्तन ने स्वच्छ भोजन , पानी यहां तक की समानता के अधिकार को भी प्रभावित किया है। जिसका असर हर वर्ग की महिलाओं पर साफ देखा जा रहा है।

वहीं बात कोविड-19 महामारी के दौर की करे तो आज इस वैश्विक महामारी में ऑनलाइन प्लेटफार्म का चलन बढ़ गया है। साथ ही कनेक्टिविटी और ऑनलाइन सुरक्षा के मामले ने भी लिंग विभाजन को और अधिक गहरा किया है। मालूम हो कि लड़कियों को इंटरनेट और डिवाइस के लिए आर्थिक और सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ये सच है कि वक्त बदल रहा है लेकिन आज भी समाज में महिलाओं और बालिकाओं की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हो रहा है। एक आंकड़े के माध्यम से भारत में बालिकाओं की स्थिति को समझें तो लड़कियों की साक्षरता दर, उनके साथ भेदभाव, कन्या भ्रूण हत्या देश में आज भी एक बड़ी समस्या है। इतना ही नहीं साक्षरता दर भी एशिया में सबसे कम है। एक सर्वे के मुताबिक, भारत में 42 फीसदी लड़कियों को दिन में एक घंटे से कम समय के लिए मोबाइल फोन इस्तेमाल की इजाजत दी जाती है। अब सोचिए इस वैश्विक महामारी के दौर में शिक्षण संस्थान तक ऑनलाइन हो गए है। वहां लड़कियों के साथ इस तरह का व्यवहार कहाँ तक न्यायोचित है?

वैसे हिन्दू आदर्श के अनुसार स्त्रियाँ अर्धांगिनी कही गई हैं और इसी स्त्री का एक रूप बालिकाएं होती है। मातृत्व का आदर भारतीय समाज की विशेषता है। संसार की ईश्वरीय शक्ति दुर्गा, काली, लक्ष्मी, सरस्वती आदि नारी शक्ति, धन, ज्ञान का प्रतीक मानी गई हैं तभी तो अपने देश को हम भारत माता कहकर अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। फ़िर भी बात स्त्री के किसी भी रूप की हो वह अपेक्षित है, जो कहीं न कहीं मन को ठेस पहुँचाती है। आख़िर में एक आंकड़ा आप सभी के बीच और साझा करें तो आज भी दुनिया भर में लगभग 132 मिलियन लड़कियां प्रारम्भिक शिक्षा तक ग्रहण नहीं कर पाती है। फ़िर आप सोच सकते हैं कि बालिकाओं की दशा वैश्विक मंचों पर कैसी है और इस सोच में परिवर्तन बहुत जरूरी है, क्योंकि दुनिया के रंगमंच में स्त्री और पुरुष की भागीदारी एक समान है यह हम और हमारा समाज जितना जल्दी समझ लें उतना ही बेहतर होगा। वैसे भारतीय परिवेश में मोदी सरकार के आने के बाद बालिकाओं की सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति कुछ हद तक बेहतर हुई है, लेकिन शत-प्रतिशत सफ़लता इस दिशा में अभी मीलों दूर ही मालूम पड़ती है।

## एकता में भाषा भी अवरोध

भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, उसे भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है. अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है और मातृभाषा व्यक्ति के बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं. पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही आकषर्ण दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है? हमारे पूर्वाचर्यों ने एकता की सर्वोत्तम कसौटी प्रस्तुत की थी। वह है- जो तुम्हारे लिए प्रतिकूल है, वह तुम दूसरों के लिए मत करो। हमारा भाषाई प्रेम उस सीमा तक ही होना चाहिए जहां दूसरों के भाषाई प्रेम से उसकी टक्कर न हो। हर प्रांत का अपना भाषाई प्रेम है। उनके पारस्परिक संपर्क के लिए एक जैसी भाषा भी अपेक्षित होती है, जो उनके प्रेम को अक्षुण्ण रखते हुए एक-दूसरे को मिला सके। वह राष्ट्रीय भाषा होती है। प्रांतीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना कैसे उचित हो सकता है, जिससे प्रांतीय और राष्ट्रीय भाषाओं में परस्पर टकराहट पैदा हो जाए। राष्ट्रीय एकता के लिए इस विषय पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। भाषा की समस्या को मैं सामयिक समस्या मानता हूं। इस समस्या को कभी-कभी उभार दिया जाता है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है। फिर भी इसमें स्थायित्व नहीं है। इसके आकषर्ण की एक सीमा है। यह लंबे समय तक जनता को आकृष्ट किए नहीं रख सकती।

## एयर इंडिया की वापसी

**सिद्धार्थ शंकर**

नमक से सॉफ्टवेयर तक का कारोबार करने वाले टाटा समूह ने कर्ज में डूबी सरकारी एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया की 100 फीसदी हिस्सेदारी 18 हजार करोड़ रुपए में खरीद ली है। 27 जनवरी को करीब सात दशक बाद एयर इंडिया की टाटा ग्रुप में घर वापसी हो गई है। इसके कायापलट के लिए टाटा ग्रुप ने व्यापक योजना बनाई है। लेकिन इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए उसके पास विशेषज्ञता नहीं है। घाटे में चलने के बावजूद एयर इंडिया के पास काफी परिसंपत्तियां है। लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर उसका अपना स्लॉट है। 130 विमानों का बेड़ा और साथ में हजारों ट्रेंड पायलट और क्रू। टाटा समूह को देश के हवाई अड्डों पर 4400 घरेलू और 1800 अंतरराष्ट्रीय लैंडिंग और पार्किंग स्लॉट्स और विदेशों में 900 स्लॉट्स मिलेंगे। इसके अलावा एयर इंडिया के पास करोड़ों डॉलर का रियल इस्टेट है। अब टाटा ने महाराजा को उसका पुराना गौरव लौटाने के लिए व्यापक योजना बनाई है। जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में एयर इंडिया अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन कंपनियों के लिए बड़ी चुनौती पेश कर सकती है। लेकिन यह सब इतना आसान भी नहीं है। एयर इंडिया के विमान पुराने पड़ चुके हैं और उसे सरकारी कार्यशैली से बाहर निकालना भी टाटा के लिए बड़ी चुनौती है। अभी एयर इंडिया देश की सबसे बड़ी इंटरनेशनल एयरलाइन है। लेकिन विदेशी एयरलाइंस की ज्यादा मार्केट हिस्सेदारी है। कोरोना महामारी के आने से पहले विदेशी एयरलाइन कंपनियां एयर इंडिया से ज्यादा सवारियां ले जा रही थीं। विशेषज्ञों का मानना है कि एयर इंडिया की चमक वापस लाना आसान नहीं है। लेकिन अगर टाटा ऐसा करने में कामयाब रहा तो इंटरनैशनल ट्रैफिक में एयर इंडिया के लिए बहुत संभावना है।



भारत-अमेरिका रूट्स पर एयर इंडिया की सफलता इस बात का साफ संकेत है कि भारतीय एयरलाइन कंपनियों के लिए डायरेक्ट फ्लाइट्स की मांग है। लेकिन इसके लिए उन्हें यात्रियों की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। साथ ही युवाओं को आकर्षित करने के लिए एयर इंडिया को अपनी इमेज में बदलाव करने की जरूरत है। हवाई यात्रियों में युवाओं की तादाद बहुत अधिक है। अगर एयर इंडिया युवाओं को अपनी तरफ आकर्षित करने में सफल रही तो यह भारतीयों की पसंदीदा एयरलाइन बन सकती है। अभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों में 53 फीसदी संख्या युवाओं की है और अगले पांच साल में यह संख्या 60 फीसदी से ऊपर पहुंच जाएगी। युवाओं की जरूरत एयर इंडिया की मौजूदा सेवाओं से बिल्कुल अलग है। युवाओं को लुभाने के लिए एयर इंडिया को एक मॉडर्न, टेक्नोलॉजी ड्रिवन, इनोवेटिव और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एयरलाइन बनना होगा। उसे अपनी पुरानी छवि से बाहर निकालना होगा। टाटा ग्रुप के लिए एयर इंडिया का कायापलट करना आसान नहीं है क्योंकि उसके पास इसके लिए विशेषज्ञता नहीं है। एयर इंडिया के कायापलट के लिए टाटा ग्रुप को बाहर से किसी को लाना होगा। लेकिन किसी विदेशी को कमान सौंपना आसान नहीं होगा क्योंकि इसमें महारत रखने वाला कोई व्यक्ति शायद ही भारत आना चाहेगा। एयर इंडिया के पास 40,000 कलाकृतियों का कलेक्शन है जिसमें स्पैनिश कलाकार सल्वाडोर डाली का गिफ्ट किया हुआ एशट्रे भी शामिल है। भारत का विमानन क्षेत्र 20 फीसदी की सालाना दर से बढ़ रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि भारतीय बाजार की पूरी क्षमता का दोहन अभी तक नहीं हो पाया है। विशेषज्ञों का कहना है कि एयर इंडिया में टाटा समूह के लिए काफी संभावनाएं हैं। सरकार पहले भी एयर इंडिया को बेचने की कई बार कोशिश कर चुकी थी, लेकिन इसके लिए खरीदार नहीं मिले थे। सरकार ने इस बार एयर इंडिया को बेचने की शर्तों में काफी बदलाव किए थे। साल 2001 में तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने एयर इंडिया में 40 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की कोशिश की थी। उस वक्त लुफ्तहांसा एयरलाइंस, ब्रिटिश एयरवेज और सिंगापुर एयरलाइंस ने इसे खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी।

# छोटे बच्चों और किशोरों में अलग हैं ओमिक्रोन के लक्षण, ऐसे पहचानें

### सूडोकु नवताल- 5968

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5967 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

बहुत छोटे बच्चों और किशोर उम्र के बच्चों में कुछ इस तरह के लक्षण दिखा रहा है कोरोना. समय रहते करें पहचान और बच्चें को दें सही उपचार और देखभाल. ओमिक्रोन ने दहशत फैला रखी है. भले ही शुरुआत से ही इस वायरस को माइल्ड और कम घातक बताया जा रहा है. लेकिन इसके लक्षण दिखते ही मन में डर आ जाता है. इस वायरस ओमिक्रोण के साथ एक अच्छी बात यह है कि इसके लक्षण सभी जगहों पर और ज्यादातर लोगों में एक जैसे ही हैं. शुरुआत गले में जलन या खराश के साथ होती है और बाद में नाक बंद होना, जुकाम होना, सिर दर्द की समस्या और फिर बुखार आने की दिक्कतें होने लगती हैं.

हालांकि बच्चों में भी कोरोना के यही लक्षण दिख रहे हैं. लेकिन बहुत छोटे बच्चों और किशोरों में बहुत थोड़े-से अंतर के साथ बिहेव कर रहा है. जैसे, छोटे बच्चे गले में खराश या जलन की शिकायत नहीं कर सकते. वे सिर्फ रोते हैं या जो बच्चे बोलने लायक हैं वे गले में दर्द बताते हैं. इसके बाद इन्हें जुकाम-खांसी की समस्या होती है और फिर फीवर आता है. वहीं किशोरों में गले की जलन के बाद सर्दी-जुकाम के साथ ही कंपकपी के साथ तेज बुखार आने की समस्या देखने को मिल रही है.

विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार इस वायरस के बारे में सूचना जारी कर रहे हैं ताकि आप अपना और अपने परिवार का ध्यान रख सकें. किसी भी परिवार में बच्चे और बुजुर्ग इस वायरस से जल्दी प्रभावित हो सकते हैं. इसलिए इनके साथ



अपना भी पूरा ध्यान रखें. आपको किन बातों पर सबसे अधिक फोकस रखना है, यहां जान लें...

कोरोना का यह वेरिएंट ओमिक्रोण भी सांस के जरिए सबसे अधिक तेजी से फैल रहा है. इसलिए परिवार में सभी को सख्ती के साथ मास्क के उपयोग की आदत डाल दें.

इस वायरस को कंट्रोल करने का दूसरा तरीका है हाइजीन. कोई भी बाहर से आया सामान छूने पर हैंडवॉश करें या फिर हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करें.

सांसों को दुरुस्त रखने का तीसरा और आसान उपया है गर्म पानी. बहुत तेज नहीं लेकिन गुनगुना से थोड़ा गर्म पानी अपनी डेली लाइफ में शामिल करें. बाहर से आने के बाद हाथ-मुंह धोकर गर्म पानी या काढ़ा जरूर पिएं. सर्दी का मौसम है तो कोल्ड-कफ हो जाना आम बात है. लेकिन कोरोना संक्रमण के बीच हम इन मामूली समस्याओं को भी अफॉर्ड नहीं कर सकते. इसलिए खुद को सर्दी से बचाकर रखें और गर्म कपड़ों का सही उपयोग करें. सही डायट के साथ आप अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं. जब इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग होती है तो कोई भी बीमारी आपको अपनी चपेट में आसानी से नहीं ले पाती. और अगर बीमारी लग भी जाए तो ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाती है.

दिन में एक बार हल्दी वाला दूध जरूर पिएं और परिवार में सभी को पिलाएं. साथ ही तुलसी का काढ़ा भी हर दिन एक बार जरूर पिएं. ये रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही इंफेक्शन को खत्म करने में बहुत सहायक होते हैं.

घरों में कैद होने के बाद एक्ससाईज और योग के अतिरिक्त हमारे पास ऐसा दूसरा विकल्प नहीं बचता है, जो हमारे शरीर को स्ट्रॉन्ग, हेल्दी और ब्लड सर्कुलेशन को मेंटेन रखने में मदद करे. इसलिए अगर आप वॉक नहीं कर पा रहे हैं तो योग और एक्ससाईज जरूर करें और बच्चों को भी कराएं.

लोगों की भीड़ से हमेशा बचना चाहिए, चाहे वह घर के भीतर हों या बाहर। आपके और आपके बच्चों के लिए घर में रहना बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आपके बच्चे में किसी तरह के लक्षण दिखाई देते हैं, तो आपको केवल इमरजेंसी में ही बाहर निकलना चाहिए।

पेरेंट्स के लिए शांत रहना भी बेहद महत्वपूर्ण है। छोटे बच्चे अपने पेरेंट्स की चिंता, बैचेनी और परेशानी को पहचान लेते हैं और उन्हें महसूस कर सकते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि पेरेंट्स को यह समझना चाहिए कि वह तनावपूर्ण स्थिति में कैसे व्यवहार करें।

## साइबर अपराध की बढ़त

भारत सहित दुनियाभर में साइबर अपराध जिस तेजी से बढ़े हैं, उससे सरकारों की नींद उडऩा लाजिमी है। सूचना तकनीक के मामूली जानकार अपराधी साइबर थानों से लेकर डिजिटल विशेषज्ञों तक को हर मामले में छका दे रहे हैं। इसका प्रमाण हाल की वह घटना है जिसमें कुछ युवाओं ने मुस्लिम महिलाओं की ऑनलाइन नीलामी का ऐप बना कर साइबर जगत में उनकी बदनामी की कोशिश की। इन मामलों में जिन युवाओं की धरपकड़ हुई है, उनके बारे में मिली जानकारियां साइबर विशेषज्ञों और समाजशास्त्रियों को यह सोचने के लिए विवश कर रही हैं कि आखिर क्यों साइबर अपराध हमारे युवाओं को इस तरह अपनी ओर लुभा रहे हैं कि वे सही-गलत का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। जब से महामारी ने दुनिया को अपनी गिरफ्त में लिया है, साइबर अपराधियों की मानो लाटरी निकल आई है। चूंकि कोरोना काल में खरीदारी, पढ़ाई से लेकर ज्यादातर आर्थिक गतिविधियां बरास्ता इंटरनेट कंप्यूटर नेटवर्क के जरिए संपन्न हो रही हैं, ऐसे में उनमें सेंध लगाने के खतरे उतने ही बढ़ गए हैं। इस बारे में वैश्विक विश्लेषण अमेरिका की वेरिजान बिजनेस कंपनी ने किया। कंपनी ने मई 2021 में तैयार रिपोर्ट में बताया कि उसने वर्ष 2021 में दौरान 88 देशों, बारह उद्योगों और तीन विश्व क्षेत्रों में फैले दायरे में 29 हजार इंटरनेट सुरक्षा संबंधी घटनाओं का विश्लेषण किया। इस विश्लेषण के आधार पर दुनिया भर में डाटा उल्लंघन यानी डिजिटल सेंधमारी के सवा पांच हजार मामले दर्ज किए गए। डिजिटल सेंधमारी में एक किस्म है फिशिंग की, यानी बैंकों के क्रेडिट कार्ड आदि की जानकारी चुरा कर रकम उड़ा लेना। दूसरी किस्म है- रैंसमवेयर यानी फिरौती की। इसमें लोगों, कंपनियों के कंप्यूटर नेटवर्क पर साइबर हमला कर उन्हें अपने कब्जे में ले लिया जाता है और इसके बदले में भारी-भरकम फिरौती वसूली जाती है। विश्लेषण में पता चला है कि पिछले साल की तुलना में फिशिंग में 11 फीसद और रैंसमवेयर में छह फीसद की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा मुश्किल उन लोगों के लिए है जिन्हें बैंकिंग, खरीदारी के वर्चुअल विकल्प मजबूरी में (जैसे कि कोरोना काल में) अपनाने पड़े हैं और जिन्हें इन साइबर उपायों की समझ एवं जानकारी बिल्कुल नहीं है। ऐसे लोग एटीएम से पैसे निकालने के लिए अक्सर अनजान लोगों की मदद लेते हैं और उन्हें अपने एटीएम का पिन नंबर तक बता डालते हैं। जाहिर है, डिजिटल प्रबंधों को जरूरी बनाने के साथ सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह कानून बनाने के साथ कड़ी सजाओं के प्रावधान भी करे।

# शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलनः 31 जनवरी को किसान मजदूर मनाएंगे विश्वासघात दिवस



**कैलारस।** शक्कर कारखाने के मिल हाउस के सामान (स्क्रैप) की नीलामी की तारीख 4 फरवरी नियत कर दी गई है। 08 फरवरी को नीलामी रखी गई हैं। ऑफसेट प्राइस सरकारी बोली 2 करोड़ 78 लाख रूपए रखी गई है। कुल मिलाकर कौडियों के मोल शक्कर मिल को बेचकर जमीन को हड़पने और मिल का नामोनिशान मिटाने की तैयारी कर ली गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा तीन बार कारखाना चलाने का वायदा किए जाने के बाद भी कारखाना चलाने के बजाय बेचा जा रहा है। इसी तरह का वायदा जौरा की आमसभा में ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा भी किया गया, परंतु उस पर भी अमल नहीं हुआ। इसके अलावा अन्य राजनेता भी वायदा करते रहे हैं। अब वायदों के विपरीत कौड़ियों के मोल शक्कर कारखाने के प्लांट को बेचा जा रहा है। कर्मचारी किसानों का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। आम नागरिकों, समाजसेवियों, राजनीतिक दलों, किसान श्रमिकों के संगठनों ने इसका पुरजोर विरोध करने का संकल्प लिया है। इसी अनुक्रम में 31 जनवरी को पुरानी सब्जी मंडी पर विश्वासघात दिवस मनाया जाएगा। जिसमें सरकार से वायदों पर अमल करने और जनता के साथ विश्वासघात नहीं करनी की अपील की जाएगी। इस आयोजन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी, बहुजन मुक्ति मोर्चा, अखिल भारतीय किसान सभा, सीटू, एसएफआई, डी वाई एफ आई, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, किसान कांग्रेस सहित दर्जनों संगठन शामिल होंगे। विश्वासघात दिवस के दिन मुख्यमंत्री को वायदा याद दिलाने के लिए ज्ञापन भी दिया जाएगा। इसमें 111 समिति संघर्ष समिति द्वारा आगे की रणनीति की घोषणा होगी। यह जानकारी प्रेस को संघर्ष समिति के नेता अशोक तिवारी, गयाराम सिंह धाकड़, महेश प्रजापति, बृजमोहन मरैया, राजकुमार सिंघल, डॉ शरीफ कुरैशी, नंदलाल खरे, गौतम बोध्द, सुमेर सिंह शाक्य, रामविलास धाकड़ द्वारा दी गई है।

## भाजपा मंडल कैलारस ने शक्ति केंद्र क्रमांक 8 व 9 में किया बूथ कमेठियो का गठन

**कैलारस।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कैलारस द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर बूथ विस्तारक योजना के अंतर्गत आज भाजपा मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 8 और 9 के ग्राम सुजानगढ़ी, तोरिका, टुंडीला, नयागांव, बेरई बूथ पर पहुंचकर बूथ अध्यक्षों के साथ बूथ समितियों का गठन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के मंडल विस्तारक एवं पार्टी की जिला उपाध्यक्ष डॉ मनु शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू गुप्ता, मंडल महामंत्री महेश श्रीवास्तव, आईटी सेल के जीत प्रजापति, लटूरी धाकड़, अशोक चौहान, महेश रावत, राजवीर सिंह, जगदीश गोस्वामी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## निर्विरोध चुने गए राठौर समाज के अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष

### -अध्यक्ष पद-5, महामंत्री-2, कोषाध्यक्ष -3 लोगों ने ठोकी थी दावेदारी

**मुरैना।** राठौर समाज जनकल्याण समिति के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय बैठक में जिले भर से पधारे राठौर बंधुओ ने सर्व प्रथम राष्ट्रवीर दुर्गादास की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की। बैठक का संचालन संजीव राठौर द्वारा किया गया तथा समिति की ओर समिति की कार्यवाही को समाज बंधुओ के बीच रखते हुये बताया कि समाज के अध्यक्ष पद के लिए 5, कोषाध्यक्ष पद के 3, महामंत्री पद के 2 इस प्रकार दावेदारों के कुल 9 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से कोषाध्यक्ष के 2 और महामंत्री के एक नाम वापस हुए। जिससे दोनों पदों पर एक- एक प्रत्याशी रहने के कारण चुनाव समिति ने दोनों ही पदों को निर्विरोध निर्वाचित करने की घोषणा कर दी। समिति की घोषणा के बाद अध्यक्ष पद के 3 दावेदारों ने समाज के चुनाव मैदान में आने की बात कही जिस पर उपस्थित राठौर बंधुओ ने आम सहमति बनाने का प्रस्ताव रखा तो जितेन्द्र राठौर ने अपनी दावेदारी वापस लेने पर सहमति दे दी, इसके बाद सर्वसम्मति से रामधन राठौर के समर्थन पत्र के बाद सामाजिक बंधुओ ने राठौर समाज का जिला अध्यक्ष रामजीलाल राठौर को निर्विरोध निर्वाचित कर लिया और अपने सामाजिक संगठन के नव निर्वाचित अध्यक्ष रामजीलाल राठौर, महामंत्री दामोदर राठौर और कोषाध्यक्ष निरपाल राठौर को बैठक की अध्यक्षता कर रहे रमेश राठौर ने माला पहनाकर समाज के संगठन का जिम्मेदारी दी। इसके बाद नवनिर्वाचित तीनो प्रत्याशीयों ने बुजुर्गो के पैर छूकर आशीर्बाद लिया। अंत में बैठक का आभार संजीव राठौर विचोला वाले ने कर बैठक का समापन किया।

# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप में मनाई गांधी की पुण्यतिथि





**मुरैना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर डॉ विनोद गुप्ता सिविल सर्जन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि हर बर्ष 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर हम स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप में मनाते हैं और कुष्ठ मुक्त भारत बनाने के प्रयास करते हैं।

उन्होंने बताया कुष्ठ एक साधारण रोग है यह रोगाणुओं द्वारा होता है। कुष्ठ के रोगाणु वायु मंण्डल से स्वांस द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। कुष्ठ किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। कुष्ठ रोग के रोगाणु मुख्यतः चमडी, नाक, मुख शलेष्मा झिल्ली व तंत्रिका पर असर करते हैं। चमडी के प्रभावित भाग पर धीरे-धीरे सुन्नपन, सूखापन, पसीना नहीं आता, खुजली, जलन, चुभन नहीं होती व चमडी के रंग से भिन्न रंग तेलिया, तामिया, हल्के दाग धब्बे, हाथ पैरों में झुनझुनाहट, शरीर मैं गठान आदि ऐसे व्यक्ति कुष्ठ से संभावित हो सकते हैं। ऐसे लक्षण वाले व्यक्ति सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र या जिला चिकित्सालय में अपनी जांच करायें, पहचान कर इस रोग को ठीक किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ धर्मेंद्र गुप्ता आरएमओ, डॉ निखिल कुलश्रेष्ठ, डॉ बीबी शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेकों कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

# गोदाम का ताला तोड़कर 5 लाख का सामान समेट ले गए चोर



**मुरैना।** शनिवार-रविवार की रात कोतवाली थाना क्षेत्र के पालिका बाजार में स्थित गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लगभग 5 लाख रुपए का सामान ले गए। घटना का पता सुबह दुकानदार को लगा तो वह कोतवाली पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज मित्तल निवासी मयूर टॉकीज के पास नैनागढ़ रोड मुरैना पालिका बाजार में मित्तल जनरल स्टोर के नाम से गोदाम संचालित करता है, प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात को भी वह गोदाम का ताला चेक करके घर निकल गया। शनिवार रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए गोदाम का ताला तोड़ा और फेयर एण्ड लवली, बोरो प्लस, सिगरेट, लाइफ ब्वॉय साबुन, जनरल स्टोर का अन्य समान गोदाम से भरकर ले गए। सुबह जब गोदाम का ताला टूटा पाया तो मनोज मित्तल ने आस-पड़ोस के लोगों को बताया और कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने शिकायत पर मौका मुआयना किया और अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया। चोरी गए माल की कुल कीमत 5 लाख रुपए बताई गई है।




# अब सैलून, पिलंबर, कैटरिंग, ब्रोकर, फोटोग्राफी का काम करने वालों को भी देना होगा जीएसटी

**मुरैना।** प्रदेश में अब सैलून, प्लंबर, कैटरिंग, ब्रोकर, फोटोग्राफी सहित दर्जनों प्रोफेशनल को भी जीएसटी चुकाना होगा। दरअसल, सेल्स टैक्स विभाग ने अधिकारियों को जिला स्तर पर करदाता बढ़ाने का अलग-अलग लक्ष्य दिया है। प्रदेश का वाणिज्यिक कर विभाग जिलावार 25 जनवरी से 25 फरवरी 2022 तक करदाता बढ़ाने का अभियान चलाएगा। वाणिज्यिक कर आयुक्त लोकेश कुमार ने संभागीय उपायुक्त एवं सहायक आयुक्त सहित विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में आबादी के मान से नए करदाताओं का पंजीयन कराएं। कमाई के हिसाब से अब भी विभिन्न श्रेणी में लाखों लोग जीएसटी मुक्त हैं। इन्हें इसके दायरे में लाया जाएगा।

## जिला स्तर से से प्राप्त जानकारी के आधार पर पंजीयन

पीडब्ल्यूडी, वन, ग्रामीण विकास, कृषि उपज मंडी आदि में पंजीकृत व्यवसाइयों की जानकारी संकलित कर उन व्यवसाइयों में से जीएसटी अधिनियम के अधीन पंजीयन हेतु दांयी व्यवसाइयों का पंजीयन कराया जाना है। जीएसटी अधिनियम की धारा-51 अंतर्गत स्त्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) के प्रावधान अनुसार समस्त स्थानीय निकायों (नगरीय एवं ग्रामीण, शासकीय विभाग, विश्वविद्यालय, विकास प्राधिकरण आदि) का टीडीएस डिडक्टर के रूप में पंजीयन किया जाना है। जीएसटी अधिनियम की धारा-22(1) एवं धारा-24 के अंतर्गत कतिपय श्रेणियों के सप्लायर्स को पंजीयत किया जाना अनिवार्य है। इन श्रेणियों के व्यवसाइयों के टर्नओवर का परीक्षण कर पंजीयन कर किया जाना है। जिला अथवा ब्लॉक में क्लस्टर आधारित आर्थिक गतिविधियों के समूह में कार्यरत इकाइयों का संक्षिप्त सर्वे उपरांत पंजीयन किया जाना। नगरीय निकाय से समन्वय स्थापित कर जानकारी प्राप्त करें तथा प्राप्त जानकारी के परीक्षण उपरांत मेरिज गार्डन, कोचिंग इंस्टीटयूट, वेस्ट मैनेजमेंट, एडवरटाइजिंग आदि इकाइयों का पंजीयन किया जाना है। चिकित्सा एवं शिक्षा क्षेत्र की अधिकांश सेवाएं जीएसटी से कर मुक्त है। अस्पतालों एवं शिक्षण संस्थानों के आपूर्तिकर्ताओं की जानकारी का विश्लेषण कर सप्लायर का पंजीयन कराया जाना। सेवाओं के क्षेत्र में वित्तीय सेवाएं जैसे-स्टाक ब्रोकर, इंश्योरेंस एजेन्ट एवं म्यूच्युअल फण्ड ब्रोकर का वार्षिक टर्नओवर रूपये 20 लाख से अधिक होने पर उनका अनिवार्य पंजीयन कराया जाए।

# गांधी जी का जीवन और आदर्श देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा: भानुप्रताप



**जौरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी पार्क में रविवार को गांधी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता गांधी को पुष्प अर्पित कर याद किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सिकरवार चिंटू ने गांधी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी का जन्म गुजरात के पोरबंदर में 2अक्टूबर 1869 में हुआ था अंग्रेजी हुकूमत से भारत को आजाद कराने की लड़ाई का उन्होंने नेतृत्व किया। अहिंसक विरोध का उनका सिखाया हुआ सबक आज भी पूरी दुनिया में सम्मान के साथ याद किया जाता है। बापू का जीवन और आदर्श देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा श्री चिंटू ने कहा कि 1917 का दौर गांधी चरखा सिर्फ एक यंत्र नहीं बल्कि क्रांति का प्रतीक बन गया था। भारतीयता लोगों को रोजगार विदेशों पर निर्भरता कम होने जैसे उद्देश्यों से समाहित यह क्रांति आज के इंडिया शाइनिंग या मेक इन इंडिया की तरह ही थी। महात्मा गांधी के चरखे का स्वरूप समय के साथ काफी बदला है, लेकिन इसके उद्देश्य आज भी क्रांति पैदा करने वाले हैं। इस चरखे की बदौलत आज तमाम लोग स्वावलंबी बने हैं। इससे लोगों की कमाई बढ़ी है और खादी के साथ ही आकर्षक कढ़ाई वाले वस्त्र भी तैयार किए जा रहे हैं। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सकलेचा, शहाबुद्दीन उस्मानी, महेंद्र वर्मा, बनवारी डागौर, देवेन्द्र दत्त मिश्र, रानू, अभिषेक जैन, रानी खान सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बहू समेत 4 को जिंदा जलाने वालों को आजीवन कारावास

### पति ने भाई मां के साथ मिलकर पत्नी, सास-ससुर और साले-साली को सोते समय जलाया

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी जिला सत्र न्यायालय से है बहू समेत उसके भाई-बहन और माता-पिता को सोते समय घर में जिंदा जला कर मारने वाले आरोपियों को कोर्ट ने शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पति और साल सहित 7 लोगों ने वारदात को अंजाम दिया था। 7 साल चले केस के बाद चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश रामविलास गुप्ता ने आरोपियों पर सजा के साथ 6-6 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। जघन्य हत्याकांड में सजा का मुख्य आधार मृतकों के मरने के पहले दिया गया बयान बना।

### बहू को ससुराल नहीं भेजने के कारण हुआ हत्याकांड

अपर लोक अभियोजक बीडी राठौर ने बताया कि 16 अप्रैल 2015 की सुबह मनीयर निवासी रामेश्वर राठौर ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसने बताया था कि बहन लक्ष्मी की शादी दो साल पहले रामलखन पुत्र केशव राठौर निवासी टेंटरा, मुरैना के साथ हुई थी। जेठ रामवीर उस पर बुरी नजर रखता था, इस कारण बहन को ससुराल नहीं भेज रहा था। रामवीर इसी बात से नाराज था। 15-16 अप्रैल की दरम्यानी रात वह घर पर सो रहा था, रात 2ः30 बजे रामवीर यह कहते हुए सुनाई दिया कि लक्ष्मी को ये लोग नहीं भेज रहे हैं, आज सभी को पेट्रोल डाल कर जला देता हूं। रामवीर के अनुसार, वह उठकर बाहर भागा तो देखा कि दूसरा कमरा धू-धूकर जल रहा है। कमरे में बहन लक्ष्मी, सरस्वती, भाई महेश, मां गीता और पिता जगदीश सो रहे थे। आरोपियों ने बाहर से दरवाजे की कड़ी लगा दी थी। उसने जैसे-तैसे आग बुझाई और सभी को जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। मौत के पहले सभी के बयान पुलिस ने दर्ज किए गए। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया, जहां पिता जगदीश राठौर को छोड़ सभी की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के बयान के आधार पर पर लक्ष्मी राठौर के जेठ रामवीर पुत्र केशव राठौर, पति रामलखन पुत्र केशव राठौर, सास कमलाबाई, जेठानी ममता बाई निवासी टेंटरा, मुरैना के अलावा ननद दुर्गेश पत्नी पप्पू उर्फ भवानी शंकर राठौर, नंदोई भवानी शंकर पुत्र हरिशंकर राठौर निवासी रघुनाथपुर श्योपुर सहित एक अन्य रिश्तेदार रामअवतार पुत्र रोशनलाल राठौर निवासी अगरा श्योपुर के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, दहेज हत्या सहित तमाम धाराओं में केस दर्ज किया था।





### हत्याकांड के बाद से जेल में हैं पति और जेठ

लक्ष्मी का पति रामलखन और जेठ रामवीर हत्याकांड के बाद से ही जेल में बंद हैं। मामले से जुड़े वकील, पुलिसकर्मियों की माने तो कोर्ट में प्रकरण से जुड़े गवाहों के बयान भी कमजोर हो गए थे। ऐसे में मृतकों के बयान आरोपियों को सजा देने का मुख्य आधार बने।

## ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ शर्मा का हुआ जोरदार स्वागत



**उमाकान्त शर्मा चम्बल संभाग रिपोर्टर**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मध्यप्रदेश के ब्राह्मण समाज के यसस्वी प्रदेश अध्यक्ष सौरभ शर्मा का भिण्ड आगमन पर सिटी कोतवाली इन्दिरा गांधी चौराहे पर संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। तथा पुष्प माला पहनाकर सौरभ शर्मा का सम्मान किया गया। सौरभ जी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।और कहा कि जो संगठन द्वारा उनको जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका पूरी ईमानदारी एवं सच्चाई के साथ निर्वहन करूँगा।स्वागत समारोह पूर्ण होने के उपरांत शर्मा जी अपने संगठन कार्यकर्ताओं के साथ अटेर क्षेत्र के लिए रवाना हो गए। शर्मा जी का स्वागत मुख्य रूप से सोनू शर्मा, नीरज शर्मा, अवधेश शर्मा, अमित शर्मा,नन्दकिशोर शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मंदिरों के समीप मांस मछली की दुकानों से बजरंग दल कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों मैं गुस्सा



**अजय खगार ब्युरो जिला टीकमगढ़**
**पुष्पांजलि टुडे**

पलेरा नगर परिषद की मिलीभगत से मंदिरों के के समीप मास मछलियों की दुकान लगाई जा रही हैं बजरंग दल द्वारा एक बार पूर्व में नगर परिषद को आवेदन भी दिया जा चुका है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिसको लेकर शनिवार को फिर बजरंग दल प्रखंड गोरक्षा प्रमुख रोहित राय बजरंग दल टीम के साथ निरीक्षणकिया गया तो मंदिर के समीप मास मछलियों की दुकान बड़ी माता मंदिर के पास लगी हुई थी जिसको लेकर बजरंग दल टीम के कार्यकर्ताओं को एवं माता के भक्तों को बहुत आहत हुआ है बजरंग दल पलेरा ने कहा कि अगर जल्द ही मांस मछली की दुकान नगर परिषद द्वारा नहीं हटाई जाती है तो बजरंग दल नगर परिषद के बाहर धरना प्रदर्शन करेगा

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि काँग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड ।**जिला,शहर और नगर कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पुण्यतिथि उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई जानकारी देते हुए नगर नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने बताया की इस अवसर पर डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा गुजरात के पोरबंदर में जन्मे महामानव मोहनदास करमचन्द गांधी आगे चलकर दुनिया भर में महात्मा गांधी के नाम से विख्यात हुआ। अंग्रेजों से आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का विशेष योगदान रहा है। चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी सत्याग्रह, दलित आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन उनके कुछ प्रमुख आंदोलन ने जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव कमजोर करने में बड़ा रोल अदा किया

कांग्रेस के सभी नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमापर माल्यार्पण कर श्रधांजली अर्पित की इस अवसर पर नगर के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी जिला कांग्रेस के सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा,महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष, रेखा भदौरिया,महिला सेवादल अध्यक्ष रीना चौहान, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष गजेंद्र भदोरिया, बृजेंद्र सिंह कल्लू ,दीप चंद तिवारी,आशुतोष शर्मा,रामजीलाल शाक्य अरुण शर्मा राहुल कुशवाह, आशीष भारद्वाज चंद्रपाल सिंह परिहार अनीस कुरैशी अजय जैन संजीव बरूआ मोहर सिंह जाटव हिम्मत सिंह हरिऔध राजमणि शर्मा पिंकू राजावत,आनंद शाक्य,पिंकी जाटव,,नीलम भदौरिया, कमलेश जाटव कासिम खान,,संजय यादव राकेश तिवारी ,वेद प्रकाश बिरजू यादव ,रामू वर्मा, नीरज त्रिपाठी ,सोनू सिंह दोहुई ,दुष्यंत सिंघई ,बृजेश जैन, दर्शन सिंह तोमर, काशीमबेग, अजय दुबे, विपुल जैन, आयुष शर्मा, पिंटू शर्मा,सुनील बघेल, राजू त्रिवेदी आदि कांग्रेस जन उपस्तिथ रहे।



## खेती और पशुपालन करके सफल युवा किसान बने वीरू



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**
**सफलता की क**हानी

**शिवपुरी**- खबर शिवपुरी के ग्राम नोहरी निवासी वीरू ओझा एक ऐसे शिक्षित युवा किसान हैं जो स्नातक उत्तीर्ण है और दो हेक्टर खेती के साथ पशुधन जिसमें 2 देसी गाय साहीवाल तथा 4 उन्नत नस्ल की मुर्रा भैंसों से प्रतिदिन 50 लीटर दूध उत्पादन से 30 हजार प्रतिमाह नगद मुनाफा कमा रहे हैं। युवा किसान वीरू ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.एम.के.भार्गव से परामर्श लेकर संकर बाजरा नेपियर घास, जैविक खेती, जैविक उत्पादन तथा वर्मी कंपोस्ट से स्वरोजगार को बढ़ाते हुए सफलता की राह पर बढ़कर एक सफल ग्रामीण युवा स्टार्टअप के रूप में उभरे हैं। उन्होंने अपने खेत में गेहूं, लहसुन, टमाटर जैसी फसलों के साथ-साथ चारा फसल बरसीम, मक्खन घास को भी लगाया हुआ है। उन्होंने बताया कि बाहर नौकरी ना कर अपने ग्राम में लॉकडाउन पीरियड से ही खेती और पशुपालन व्यवसाय का चुनाव किया। जिससे समन्वित कृषि प्रणाली इकाई द्वारा यह लागत का दोगुना मुनाफा कमाते हुए खेती से लाभ प्राप्त कर रहे है। इनके सफल प्रयासों को जिले का कृषि विज्ञान केंद्र और अधिक गति देने के लिए तकनीकी परामर्श दे रहा है।

## युवा ही समाज में वदलाव ला सकते है: संजीव नायक

**लहार(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

लहार विधानसभा के मछण्ड क्षेत्र के महावीरगंज गाँव में युवाओ द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया।चौपाल में गांव की छोटी छोटी समस्याओं एवं शराबबन्दी को लेकर उपस्थित सभी युवाओं ने चर्चा की।युवा चौपाल में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता संजीव नायक एडवोकेट ने कहा कि सामाजिक समरसता ही हमारे गाँव व् क्षेत्र का विकास करा सकती है।आज कल जो महापुरुषों के नाम पर जाति के नाम पर जो माहौल को ख़राब किया जा रहा है। वह देश विरोधियो का एक षड्यंत्र है इससे हमें बचना होगा एक रहना होगा हम सब एक है। संजीव नायक एडवोकेट ने शराब के विषय में बोलते हुए कहा कि घरेलू हिंसा का मूल कारण शराब ही है शराब के विरुद्ध युद्ध मे आप सब की जरूरत है उन्होंने कहा कि शराब मुक्त गांव से ही शराबमुक्त समाज का निर्माण हो सकता है,नशे के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा उन्होंने कहा कि सर्व समाज के सहयोग से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण होगा।शराब के कारण ही अपराधों का जन्म होता है कार्यक्रम में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता शाहिद हुसैन ने कहा कि गांव की छोटी छोटी समस्याओं का निदान चौपाल लगा कर किया जा सकता है।जातिगत द्वेष मिटाकर अपराध मुक्त शराब मुक्त गांव का निर्माण किया जाना चाहिए।उन्होंने नशे से दूर रहने का सभी से आह्वान किया उन्होंने कहा कि नशा नाश करता है।नशे से दूर रहने के लिए संकल्प पर अडिग रहने की जरूरत है।चौपाल में बोलते हुए युवा सामाजिक कार्यकर्ता गौरव सिंह ने कहा कि समय आ गया है कि हम युवा एकजुट होकर सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष करें चौपाल को देवेंद्र सिंह तथा अमित पचौरी नरेंद्र सिंह ने सम्बोधित किया तथा शराब से होने बाले दुष्परिणामो के बिषय में एक एक कर विस्तार से बताया चौपाल में उपस्थित लोगों में प्रभात सिंह कुशवाह,मोतीलाल कुशवाह,छत्रपाल कुशवाह,रामनाथ कुशवाह, लल्लूराम, जगदीश, गैंदालाल कुशवाह, राजेंद्र कुशवाह, रामदास शेरसिंहज़ अतर सिंह, बीरेंद्र सिंह, बलराम सिंह, तुलाराम प्रताप, भानु सिंह, गंगाराम सिंह, मूलचंद्र, जगत सिंह, रामप्रसाद कुशवाह, लाल सिंह, संदीप कुशवाह अजय कुशवाह, संतोष सिंह,सुनील सिंह,ब्रजेश सिंह,दीपक कुशवाह,चतुर सिंह,कोमल सिंह,अजय सिंह,सनी सिंह,योगेंद्र सिंह,गोलू सिंह,देवेंद्र सिंह,जितेंद्र सिंह,धर्मेंद्र सिंह,संजू,रवि सिंह दोहरे,मनोज दोहरे,रामलखन दोहरे,राजवीर दोहरे,साहिल दोहरे आदि उपस्थित थे।



## जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपिया को 05 वर्ष के कारावास

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -खबर शिवपुरी जिला सत्र न्यायालय से हैं जहां दिनांक 17.07.16 को फरियादी पीताराम लोधी ने सी.एस.सी पिछोर में घायल अवस्था में बताया कि दिनांक 16.07.16 को रात करीब 10 बजे वह अपने घर के बाहर बनी मडैया में चारपाई पर सो गया था, तभी रात करीब 11ः30 बजे का समय होगा कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से किसी धारदार हथियार से वार किये, जो उसके गले के दाहिने तरफ व गले की ठोड़ी के नीचे लगी, चोट होकर खून निकल आया, वह चिल्लाया, तभी उसके लडके अनिल और देवेन्द्र बहू कुसुम पनि गोमती आ गए। उसके लड़के अनिल ने 100 नंबर गाडी को फोन करके बुलाया, जो उसे लेकर अस्पताल पिछोर आई वह मारने वाले को देख नहीं पाया था, उक्त घटना की रिपोर्ट थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 426/16 धारा 307 भा.द.स. के अंतर्गत लेखबद्ध की गई, जिसके बाद उसे शिवपुरी ईलाज हेतु भेज दिया गया। उक्त् आशय की रिपोर्ट पर से थाना पिछोर द्वारा दिनांक 26.07.21 को आरोपिया को गिरफ्तार किया गया, एक कुल्हाड़ी जब्त कर जब्ती पंचनामा तैयार किया गया। फरियादी पीताराम लोधी की एक्सरा रिपोर्ट व एक्सरे प्लेट प्राप्त होने पर प्रकरण में अन्य औपचारिकताये पूर्ण कर अभियोग पत्र अंतर्गत धारा 307, 326 भा.द.स. माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिसमें विचारण के द्वारा फरियादी द्वारा माननीय न्यायालय के बताया गया कि उक्त आरोपिया कुसुम उसके पुत्र अनिल की पत्नि व उसकी बहू है। आरोपिया कुसुम अन्य लोगों से बातचीत करती थी, जिसे वह मना करता था। इस बात पर से आरोपिया कुसुस से उसका विवाद होता था, इसलिए आरोपिया कुसुम ने उसे जान से मारने की नीयत कुल्हाडी मारी थी। घटना के बाद से चोट अधिक होने से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, इस कारण रिपोर्ट करते समय आरोपिया कुसुस का नाम नहीं लिखा पाया था। उपचार के बाद उसका स्वास्थ्य ठीक हुआ, तो उसने आरोपिया कुसुम का नाम बताया था। फलतः सम्पूर्ण मामले को अभियोजन द्वारा युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित किया गया, जिस पर सुनवाई करते हुये माननीय अपर सत्र न्यायालय द्वारा कारित अपराध एवं संपूर्ण परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये आरोपिया कुसुम पत्रि अनिल लोधी उम्र 30 साल नि0 पटिया मोहल्ला ग्राम देवगढ पुलिस थाना पिछोर को उक्त घटना में दोषी पाया तथा धारा 307 भा.द.स. के अपराध में 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामले में पैरवी अभियोजन की ओर अपर लोक अभियोजक श्री शैलेन्द्र कुमार शर्मा, पिछोर द्वारा की गई।



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा का हुआ भव्य स्वागत,महामंत्री राव सहाब गुर्जर के नेतृत्व में हुआ स्वागत



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष बिष्णु दत्त शर्मा के लहार आगमन पर दबोह भारतीय जनता पार्टी के नेताओ के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।भारतीय जनता के युवा नेता दबोह मण्डल महामंत्री राव साहब गुर्जर के नेतृत्व में रावतपुरा तिराहे पर सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष का फूल मालाएं पहना कर भव्य स्वागत किया जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष का काफिला रावतपुरा तिराहे पर पहुचा वैसे ही प्रदेश अध्यक्ष जिंदाबाद,भारत माता की जय के नारों से पूरा माहौल भाजपाई हो गया।यहां बता दे कि प्रदेशाध्यक्ष अपने निर्धारित समय से काफी देर से पहुचे मगर भाजपा कार्यकर्ता अपने नेता के स्वागत के लिए सर्दी में डटे रहे और रात 12 बजे के करीब प्रदेशाध्यक्ष का काफिला रावतपुरा तिराहे पर पहुचा। स्वागत करने में मंडल अध्यक्ष के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं में रामू कौरव,शुभम कौरव,मुनेश परिहार,धर्मेंद्र पाठक,नीरज शर्मा,विकास शर्मा,रवि दीक्षित,बब्लू कुशवाह,राहुल शर्मा,कुलदीप शर्मा,मनीष शर्मा,मुकेश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बूथ विस्तार कार्यशाला शक्ति केंद्र सर्वा



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

सर्वा। बूथ क्रमांक 74 75 76 पर मुख्य अतिथि आदरणीय लाल सिंह जी आर्य राष्ट्रीयअध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा उनके साथ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गौड़ किसान मोर्चा के अध्यक्ष सरदार निंदर सिंहगांव के प्रबुद्ध जन वीरेंद्र सिंह तोमर पटेल शंकर सिंह तोमर केशव उपाध्याय वीरेंद्र तोमर डेरी वाले मेघ सिंह कुशवाहा रामवीर सिंह कुशवाहा सुरेश सिंह कुशवाहा सुजान माहौर विश्वनाथ सिंह तोमर अमर सिंह तोमर यदुनाथ सिंह भदोरिया सत्यवान सिंह गुर्जर नरेश कटारिया बूथ समिति के अध्यक्ष 74 पोलिंग बूथ आशीष आशीष सिंह तोमर धांसू 75 पोलिंग बूथ पर गजेंद्र सिंह तोमर मंगे 76 पर इंद्र सिंह तोमर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल सिंह तोमर पूर्व मंडल अध्यक्ष ग्रामीण ने की।

## मो थाना क्षेत्र के ग्राम गुरियांची में एक सरपंच की गोली लगने से मौत



### आरोपी वारदात को अंजाम देकर हुए फरार घटनास्थल पर थाना प्रभारी एवं पुलिस बल

### मो थाना क्षेत्र के ग्राम गुरियांची में एक अपूर्व सरपंच की गोली लगने से मौत,

**भिंड मौ,** थाना अंतर्गत ग्राम गुर्यांची की घटना कप्तान सिंह धनीराम यादव उम्र 70 साल जो कि पूर्व सरपंच रह चुके है शनिवार रात्रि में अपने खेत पर बने ट्यूबेल पर सो रहे थे तभी अचानक अज्ञात हमलावर ने इनको दो गोली मार दी एक गोली इनके सीने को चीरती हुई पेट के पार निकल गई दूसरी गोली सर के पिछले हिस्से में मारी जो उनके सर में कहीं फस गई, आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गया, आज सुबह रविवार जब जब मैं अपने घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता हुई तो उनका छोटा लड़का अरविंद उन्हें खोजते हुए ट्यूबेल पर पहुंचा जहां उसने पिता की ऐसी हालत देखकर गांव ओर परिवार के सभी सदस्यों को अपने पिता की हत्या के बारे में अवगत कराया थाना प्रभारी और पूरा पुलिस दल मौके पर पहुंचा डॉ अमृत राजे द्वारा परीक्षण किया गया

# सीएमएचओ डॉ. मिर्धा ने किया जैतारण सीएचसी का निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश

**पुष्पांजलि टुडे। नरेश कुमार सीरवी**

**पाली।** सीएमएचओ डॉ. आरपी मिर्धा ने रविवार को जैतारण के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएचसी प्रभारी डॉ देवेंद्र सोलंकी को आवश्यक निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार पाली सीएमएचओ डॉ. आरपी मिर्धा रविवार सुबह 9~20 पर अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतारण पहुंचे। सीएमएचओ के अचानक पहुंचने पर वहां के स्टाफ में हड़कंप मच गया। सीएमएचओ ने सीएचसी में संचालित हो रहै है ऑक्सीजन जनेरेशन प्लांट का निरीक्षण किया। सीएमएचओ ने इस प्लांट को चालू कर दिखाने के लिए निर्देशित किया गया। जिस स्टाफ ने इसे चालू कर दिखाया। डॉक्टर मिर्धा ने इसी दौरान वहां पर कार्यरत दो प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मचारियों से भी बातचीत कर आवश्यक रख-रखाव के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सीएमएचओ ने सीएचसी परिसर में विधायक कोष से बन रहे हॉल को भी देखा। निरीक्षण में सीएमएचओ ने सीएचसी में संचालित होने वाली डायलिसिस



मशीन के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान सीएचसी इंचार्ज डॉ देवेंद्र सोलंकी ने बताया कि आरओ प्लांट नहीं लग पाने के कारण डायलिसिस मशीन चालू हालत में नहीं है। इस बारे में सीएमएचओ ने कहा कि आगामी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्ताव लेकर चालू करवाने का निर्णय लिया जाए। निरीक्षण के दौरान ब्लड स्टोरेज के बारे में भी जानकारी ली गई। जिस पर पाया गया है कि ब्लड स्टोरेज की परमिशन नहीं मिलने के कारण चालू हालत में नहीं है। इस पर सीएमएचओ ने पाली ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ एम एल सीरवी से मौके पर ही बातचीत की, जिस पर डॉ. सीरवी ने बताया कि एक-दो दिन में परमिशन दे दी जाएगी। डॉ मिर्धा ने सीएचसी के लेबर रूम का भी निरीक्षण किया।

## खेरागढ़ सीएचसी पर तीन घंटे तक चला हाई प्रोफाइल ड्रामा

**खेरागढ़ आगरा**
**जिला संवाददाता**



खेरागढ़ थाना खेरागढ़ के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात फार्मासिस्ट के साथ कमरे में बंद लड़की के होने की सूचना से शुरू हुआ ड्रामा तीन घंटे बाद खत्म हुआ ।मौके पर सैकड़ो की तादात में भीड़ एकत्रित हो गयी सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस फोर्स के साथ पहुच गये ।सूचना के बाद भी सीएचसी के जिम्मेदार मौके पर नही पहुचे । सुबह ग्यारह बजे से सीएचसी पर शुरू हुआ ड्रामा दो बजे खत्म हुआ ।सीएचसी पर तैनात फार्मासिस्ट एक महिला के साथ सीएचसी परिसर में बने आवास में बंद था ।मौके पर सैकड़ो की तादात में भीड़ एकत्रित हो गयी ।पुलिस ने मौके पर पहुचकर बंद कमरे से फार्मासिस्ट को बाहर निकाला, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है ।दूसरा वीडियो फार्मासिस्ट के साथ आयी लड़की का भी वीडियो वायरल हो रहा है ।सीएचसी प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि लड़की फर्मासिस्ट की पत्नी है जबकि लकड़ी वीडियो में खुद को अकोला की बता रही है ।सीएचसी प्रभारी भी पत्नी को लेकर आश्वस्त नही थे ।मौके पर जांच पड़ताल को पहुचे दरोगा सत्यपाल नागर ने कमरे में बैठी फर्मासिस्ट की कथित पत्नी को ईको से आये कथित ताऊ के साथ भेज दिया कवरेज करने के दौरान फार्मासिस्ट जगपाल सिंह चाहर ने पत्रकारों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई है ।

# जेसीआई ग्वालियर गुरूकुल का ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न







**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर-** जेसीआई ग्वालियर गुरुकुल के द्वारा एलडीएमटी का आयोजन किया गया जिसमें आज के ट्रेनिंग मंडल उपाध्यक्ष जेसी जेडवीपी विवेक खण्डेलवाल के द्वारा सभी ऑफिसर्स को उनकी जिम्मेदारी एवं अधिकारों की जानकारी दी। वर्ष भर कार्यक्रम किस प्रकार एवं कार्यक्रम को किस तरह रिपोर्टिंग करें। साथ ही संस्था के बोर्ड सदस्यों की शंकाओं का समाधान उनके सवालों के जवाब दे कर किया एवं जानकारी दी गई की किस प्रकार हम सभी कार्यक्रम समय और नियमानुसार कर लक्ष्य पूरा कर सकते हैं। अध्याय अध्यक्ष जेसी अभिषेक त्रिपाठी के द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। ट्रेनिंग के समापन के साथ मानसेवी सचिव जेसी जितेंद्र गुप्ता के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। ट्रेनिंग में संस्था की मेंटोर जेसी नम्रता माहाडिक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष जेसी सुनील मिश्रा, जेसी नितिन गुप्ता , जेसी प्रफुल गुप्ता , लेडी जेसी प्रेसिडेंट सरिता गुप्ता, जेसी अतुल शर्मा , जेसी रामेश्वर गोयल , जेसी विजेंद्र सिंघल , जेसी गौरव बंसल , जेसी आकाश बरुआ , जेसी राजकुमार गर्ग , जेसी संदीप मंगल , जेसी अविनाश पांडे उपस्थित रहे।

## खेल से होता है युवाओं का मानसिक व शारीरिक विकासः अमित प्रताप सिंह

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने लहार फार्मेसी कॉलेज में किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** लहार फार्मेसी कॉलेज में किया गया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ,जिसमे सफर फार्मेसी कालेज के डायरेक्टर अमित प्रताप सिंह व कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज प्रचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने टूर्नामेंट सम्मलित युवाओं का हौसला अफजाई किया साथ ही कॉलेज डरेक्टर अमित प्रताप सिंह ने भी युवाओं का मनोबल बढ़ाने का काम किया,इसी क्रम में अथितियों ने युवाओं से रूबरू होकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की,कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा,युवा देश की रीढ़ है जो विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में देश प्रदेश का नाम गौरान्वित करने का काम कर रहे है इन छोटे छोटे टूर्नामेंट के माध्यम से हमे ग्रामीण क्षेत्रो में छुपी प्रतिभाओं को निकालने का मौका मिलता है इसलिए हमें इस तरह की प्रतियोगिताये अवश्य करनी चाहिए।तथा कॉलेज डरेक्टर अमित प्रताप सिंह ने कहा खेल से युवाओं का मानसिक व शारीरिक विकास होता है है हमे अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान देना चाहिए। इस बीच उनके साथ नगर कांग्रेस के अध्यक्ष शिव सिंह कुशवाह बप्पा,व समाज कल्याण प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रदीप कुशवाह भी उपस्थित रहे।





## लक्ष्मण शक्ति मंचन में राम विलाप देख भावुक हो उठे दर्शक...

**राधा तोमर पत्रकार अम्बाह**

**अम्बाह...** नगर के ग्राम चतुर की गढी में इस समय रामलीला की धूम है महात्मा लोचन दास कला मण्डल के अध्यक्ष पातीराम उपाध्याय व सचिव श्रीकृष्ण नेताजी के संचालन मे आज मुख्य अथिति टीआई जितेन्द्र नगाइच व शिबकुमार शर्मा ने आरती कर लीला का आन्नद उठाया मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की विभिन्न लीलाओं का मंचन देखने के लिए दूर-दराज से लोगों की भीड़ पंडालों में पहुंच रही है। अम्बाह के चतुर की गढी में लक्ष्मण शक्ति, देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसी प्रकार हास्य कलाकार लाखन तोमर की लाठी पर व नाच दिखा कर अभिनय दिखाया स्थानीय कलाकारों ने रामलीला में अनुपम अभिनय कर दर्शकों का रोमांच बढ़ाया। रबिवार को दिन में लक्ष्मण शक्ति का मंचन किया गया। मेघनाथ से युद्ध के दौरान लक्ष्मण शक्ति बाण लगने से मूर्छित हो जाते हैं। इससे रामदल में शोक छा जाता है। सुषेन वैद्य के परामर्श संजीवनी बूटी लाने निकले बजरंगबली पूरा पर्वत ही उठा लाते हैं। लक्ष्मण की मूर्छा दूर होते ही पंडाल में जय श्रीराम, जय बजरंगबली के जयकारे गूंजने लगते हैं। इसमें कलाकार सुनील तोमर व जीतू तोमर रामलक्ष्मण भजनपुरा, महीपति खडियाहार राबण गिरधारी पोरसा मेघनाद रामभरोषी मुदगल हनुमान की भूमिका में रहै कथा ब्यास राधाचरण शर्मा कसमढा का विशेष योगदान रहा मीडिया से केशब पंडित जी अम्बाह राधा तोमर व सुनील तोमर पत्रकार अम्बाह,राजेन्द्र राजेश सुरेश पटसारिया भदौरियापुरा दाऊदयाल फते पारासर मौजूद रहे।

# चाचोडी मे दुष्कर्म व हत्या की घटना को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन किया

### 4 फरवरी को सिरवी छात्रावास पाली । हत्या के विरोध में विशाल जनसैलाब का आह्वान

**पुष्पांजलि टुडे/नरेश कुमार सीरवी**

**रानी पाली.** राजस्थान पाली जिले के सुमेरपुर तहसील में तखतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पिचावा में गत 25 जनवरी 2022 की सनसनी घटना के विरोध में जिले के अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन घोर निंदा की जा रही हैं। रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम चाचोड़ी मे गांधी चौक स्थित सीरवी समाज नवयुवक मंडल के आह्वान पर समस्त ग्रामीणों के संयुक्त तत्वाधान में सीरवी समाज के 10 वर्षीय नाबालिक मासूम बालिका से दुष्कर्म कर हत्या की घटना को लेकर घोर निंदा करते हुए हत्यारे के विरुद्ध अति शीघ्र कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञात रहे कि गत 25 जनवरी 2022 के घटना को अंजाम देने वाला पिचावा गांव का ही युवक निकला। पिचावा हत्याकांड के विरोध में सीरवी समाज संपूर्ण भारत के आह्वान पर जिले सहित देश प्रदेश के विभिन्न प्रांतों में समाज की और से लाडली बिटिया को न्याय दिलाने के लिए भारी विरोध कर सरकार से न्याय कि गुहार लगाई जा रही हैं।

चाचोड़ी के गांधी चौक स्थित आई माता नवयुवक मंडल सीरवी समाज चाचोडी। चारभुजा नवयुवक मंडल सिरवी समाज चाचोड़ी। सहित समस्त ग्राम वासियों ने मासूम बालिका के फोटो पर पुष्प अर्पित कर मासूम के आत्मा के प्रति शांति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रखकर कर गांव के चारभुजा चौक से ग्राम पंचायत भवन तक कैंडल मार्च निकाला।

आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला परिषद पाली पूर्व सदस्य नंदकिशोर परिहार निवासी खोड ने 10 वर्षीय नाबालिक मासूम बिटिया की हत्या की घोर निंदा करते हुए राजस्थान प्रदेश में कांग्रेस सरकार का नाम लिए बिना सरकार को आड़े हाथों लिया। कहा कि गत 3 वर्षों से राजस्थान प्रदेश में दिनों दिन रेप हत्या लूट डकैती आदि के मामले में बढ़ोतरी हुई। और जिले के पिचावा गांव की घटना तो उत्तर भारत के राज्यों का इतिहास दोहराया जा रहा हैं । जिले के एक भारतीय संविधान से अधिक अपराध को पार कर गया। हत्यारे ने 10 वर्षीय लाडली बिटिया के साथ दुष्कर्म कर बेरहमी से हत्या की गई। उन्होंने कहा कि लाडली बिटिया सीरवी समाज की नहीं है बल्कि हत्या की गई बिटिया संपूर्ण जिले वासियों की बिटिया हैं। दुष्कर्म कर हत्या की घटना पिसावा गांव की नहीं समझ कर अपने ही बहन बेटियों की घटना समझ कर हत्यारे के विरुद्ध कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान करवाने में सहयोग करना होगा। 10 वर्षीय मासूम बालिका को न्याय के लिए सभी जाति धर्म वर्ग के लोगों को एकजुट होकर आंदोलन करना होगा। तब जाकर 10 वर्षीय मासूम को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि 10 वर्षीय मासूम नाबालिक बालिका की हत्या के विरोध में पाली भाजपा जिला परिवार एक मंच पर जिला मुख्यालय पर जन आक्रोश रैली कर बिटिया को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। पूर्व जिला परिषद सदस्य नंदकिशोर ने कहा कि हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने हेतु राष्ट्रपति के नाम पोस्ट कार्ड पत्र भेजा जाएगा।

सीरवी समाज चाचोडी ने कहां की मासूम बिटिया की दर्दनाक घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी ही कम है । क्या समाज ऐसी घटनाओं का कब तक सहन करेगा। मासूम बालिका पर किया गया अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मासूम की हत्या के विरोध में सीरवी समाज संपूर्ण भारत ने एकजुट रहने का आह्वान किया। समाज के आव्हान पर पिचावा हत्याकांड की कड़ी से कड़ी घोर निंदा करते हुए कहा कि मासूम बच्ची के साथ दर्दनाक हादसे में पूरे समाज में भारी आक्रोश फैला हुआ है ।उन्होंने राजस्थान सरकार से मांग करते हुए कहा कि तुरंत इस घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। सीरवी समाज को न्याय चाहिए। ऐसे अपराधियों के खिलाफ भेदभाव वाली राजनीति नहीं



की जाए समाज पर हो रहे अत्याचार चयन नहीं किया जाएगा। चारभुजा नवयुवक मंडल सिरवी समाज चाचोड़ी ने कहा कि पिचावा में हत्याकांड के विरोध में सहयोगियों को धमकियां मिल रही हैं। हत्या की घटना की धमकियां एक परिवार को नहीं मिल रही हैं बल्कि संपूर्ण समाज सहित विभिन्न जाति वर्ग धर्म के लोगों को मिल रही हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश भर में मासूम बेटियों की सुरक्षा के लिए स्पेशल महिलाएं पैरा कमांडो लगाकर बेटियों पर अत्याचार करने वाले सामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़े कदम उठाए जाए। ऐसे अपराधियों का जल्द से जल्द खात्मा कर अपराध को जड़ से मिटाया जाए। ।एक तरफ राजस्थान सरकार बहन बेटियों की सुरक्षा के लिए बड़े-बड़े दावे कर रही हैं। पर उनके दावे खोखले साबित हो रहे हैं ।लगातार राजस्थान में जगह-जगह पर बढ़ते अपराध सरकार की सुरक्षा प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। आयोजित कार्यक्रम में कहा कि समाज की लाडली बिटिया को न्याय दिलाने के लिए एकजुट होना होगा ।जिससे कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को दोहराया नहीं जाए। । सीरवी समाज नवयुवक मंडल चाचोड़ी ने कहा कि राजस्थान में बढ़ते अपराध को नियंत्रण करने एवं 10 वर्षीय मासूम बालिका को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी रानी को ज्ञापन दिया जाएगा । गांधी चौक में 36 कोम के ग्रामीणों ने घोर निंदा करते हुए मुख्य रोड पर हत्यारे के विरोध नारेबाजी कर कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च के दौरान महिलाओं ने भी हिस्सा लिय

### खोड भाजपा परिवार ने मासूम को श्रद्धांजलि अर्पित की

खोड भाजपा मंडल अध्यक्ष हुक्म सिंह खरोकडा के नेतृत्व में खरोकडा जिले में बढ़ते अपराध गति को देखते हुए गहलोत सरकार के खिलाफ किया भारी विरोध प्रदर्शन सीरवी समाज की नाबालिक बिटिया की हत्या के विरोध में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में श्रद्धांजलि अर्पित कर राजस्थान कांग्रेस सरकार के खिलाफ भारी नारेबाजी कर कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें सोहन सिंह राजपुरोहित मूलसिंह राणावत मांगीलाल। भंवर सिंह भारत सिंह परिहार। मुकेश सिंह रमेश कुमार दलपत सिंह रंणजीत सिंह किरण सिंह दिलीप सिंह अरविंद सिंह महेश राहुल विशाल संजय सिंह विनीत गजेंद्र यशपाल संग्राम कृष्णपाल कुलदीप आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

### समाज के आह्वान पर 4 फरवरी 2022 को सीरवी छात्रावास पाली में जनसैलाब

सीरवी समाज संपूर्ण भारत पिसावा हत्याकांड मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए समाज ने आगामी 4 फरवरी 2022 को समाज सहित 36 कोम से बिटिया को न्याय दिलाने में भागीदार बनने का आव्हान किया। जिसमें समस्त सीरवी समाज आई माता वडेर अध्यक्ष. समस्त आई माता वडेर पदाधिकारी. सभी मंडल. सीरवी किसान सेवा समिति . क्षत्रिय आईजी जी सेवा समिति. सीरवी ज्ञानकोश संस्था. संपूर्ण सीरवी समाज डॉट कॉम. क्षत्रिय सीरवी संगठन. सिरवी खेल परिवार. सीरवी समाज महाराष्ट्र राजस्थान मध्य प्रदेश भारत प्रगतिशील सिरवी संगठन. अखिल भारतीय सीरवी युवा संगठन। आईजी युवा सेना महाराणा प्रताप सेना करजडे। सिरवी सेना बजरंग दल। आईजी विद्यापीठ जवाली। आईजी विद्यापीठ बिलाड़ा धाम। सीरवी समाज डायलाना कला। सीरवी समाज डायलाना कला। भैसाणा धाम। लांबिया गुला महाराज सेना। सीरवी समाज विभिन्न प्रांत। सीरवी समाज पुष्कर राज। सीरवी समाज जोधपुर संभाग। सीरवी समाज पाली मारवाड़ गोडवाड सेना। सीरवी समाज सामाजिक कार्यकर्ता। सीरवी समाज भामाशाह। सीरवी समाज जन प्रतिनिधि। सीरवी समाज पत्रकार संघ परिवार। पता 36 कोम जिला पाली ।सीरवी समाज की 10 वर्षीय मासूम लाडली बिटिया को न्याय दिलाने हेतु समय पर उपस्थिति दर्ज करवा कर सहयोग प्रदान करे।

### यह रहे मौजूद

सीरवी समाज नवयुवक मंडल चाचोड़ी। सोहन सिंह राजपुरोहित भोपाजी रणजीत सिंह वाघेला हिर सिंह राजपुरोहित महेंद्र सिंह राजपुरोहित। समाज चारभुजा नवयुग मंडल चाचोड़ी। रंजीत सिंह वाघेला रामलाल सीरवी चंपालाल सीरवी नेनाराम सिरवी । भंवरलाल सीरवी। नाथूराम सिरवी राहुल सिंह राजपुरोहित। धनाराम सीरवी। रतनलाल सीरवी। वीजा राम सीरवी भंवरलाल सीरवी। मांगीलाल सीरवी बालूराम सिरवी मांगीलाल सीरवी। भंवर सिंह राजपुरोहित शेषाराम माली। घिसू लाल मेघवाल राजू माली हिर सिंह राजपुरोहित मदन सिंह राजपुरोहित मसा राम मीणा भंवरलाल मीणा। मखना राम सिरवी। घिसू लाल सीरवी प्रभु लाल सीरवी भीमाराम मीणा। प्रेमलता सीरवी मनीषा सीरवी दुर्गा सीरवी लक्ष्मी सीरवी संगीता सीरवी सपना सीरवी सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे

# बॉबी किन्नर को बनाया स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर



### बॉबी किन्नर को बनाया स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने के लिए चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के लिये स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाये जा रहे हैं, जिसके तहत आज लधेडी में निवासरत बॉबी किन्नर को स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसडर बनाया। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने वार्ड 6 लधेडी स्थित बॉबी किन्नर के घर पहुंचकर उनको ब्रांड एम्बेसडर का प्रमाण पत्र देकर उनसे कहा कि आपको ग्वालियर विधानसभा के हजीरा क्षेत्रांर्गत ब्रांड एम्बेसडर बनाया जा रहा है। आपकी पूरी टीम से अनुरोध है कि ग्वालियर को स्वच्छता में अव्वल लाने के लिये घर-घर जाकर आमजन को स्वच्छता के लिये जागरूक करें। इसके साथ ही कामया गुरू किन्नर, बेबी बाई किन्नर व क्षेत्र के श्री मनमोहन पाठक व भूपेन्द्र यादव को भी क्षेत्र में साफ सफाई बनाये रखने व आमजन को स्वच्छता के लिये जागरूक करने के लिये ब्रांड एम्बेसडर बनाया।

## सभी वार्डों में हुआ स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डरों एवं उत्कृष्ठ कर्मचारियों का सम्मान



ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आमजन से कचरा रोड पर न फैंकने, कचरा डस्टबिन में डालने के लिये जनजागरूकता अभियान के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने के लिए प्रत्येक वार्डों में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाये जा रहे हैं।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत निगम के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता जागरूकता के लिये कार्य करने वाले नागरिकों, समाजसेवियों आदि का सम्मान फूलमाला व प्रमाण पत्र देकर ब्रांड एम्बेसडर बनाया । जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय क्र.17 वार्ड क्र. 38,39 में स्वच्छता सम्बन्धित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वार्ड क्र.38 एवं 39 को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में अव्वल दर्जे पर लाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई, बैठक में उपस्थित लोगों ने शिकायत एवं सुझाव प्राप्त किए गए। उक्त बैठक में निम्न अधिकारी, कर्मचारी, क्राइसिस कमेटी के सदस्य, वार्ड के ब्रांड एम्बेसडर एवं क्षेत्र के अन्य जागरूक नागरिक उपस्थित रहे। क्षेत्राधिकारी श्री यशवंत मैकले , वार्ड मोनिटर श्री सतेंद्र भदौरिया श्री सतेन्द्र पाठक आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही वार्ड 3 उरवाई गेट विनय नगर 100 फुटा रोड स्वच्छता अभियान में नागरिकों का सम्मान करते हुए वार्ड मोनिटर श्री विजेन्द्र सिंह परमार एंव दरोगा श्री लक्षमन खरे। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 5 पर वार्ड क्रमांक 12,16,17 के नागरिकों का स्वच्छता के संबंध में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया एवं जॉन क्रमांक 12 वार्ड क्रमांक 56 में क्राइसिस मैनेजमेंट की मीटिंग संपन्न हुई एवं ब्रांड एंबेसडर श्री राम कृष्ण बोहरे का सम्मान किया गया।

## सुपर बाजार का शुभारंभ



ग्वालियर।

आज पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन ग्वालियर श्री अनिल शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी द्वारा पुलिस लाइन ग्वालियर में सुपर बाजार का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एएसपी श्रीमती हितिका वासल, श्री अभिनव चौकसे, श्री सत्येंद्र सिंह तोमर, श्री जय राज कुबेर एवं समस्त नगर पुलिस अधीक्षक एवं अन्य थाना प्रभारी गण तथा पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के परिवार की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस लाइन ग्वालियर में उक्त सुपर बाजार स्थापित कराया गया है।

## पैसों के चक्कर में हर घर के खजाने में पुण्य की पेटी खाली होती जा रही है : मुनिश्री



ग्वालियर। आज हर कोई पुण्य कमाना चाहता है। मगर पाप करना कोई छोड़ता नहीं है। हर तरफ पैसों की मारामारी के चक्कर में हर घर के खजाने में पुण्य की पेटी खाली होती जा रही है। सब की सोच बन गई है कि पैसे से सब कुछ खरीदा जा सकता है। बीमार होने पर बड़े से बड़े अस्पताल में इलाज कराया जा सकता है। मगर ये कोई नहीं सोचता है कि पैसों से इलाज हो सकता है, मगर जिंदगी और निरोगी काया तो हमारे पुण्य और पुनीत कार्यों से ही मिलेगी। इसलिए पैसा कमाओ और इसका सद व्यय कर त्याग करना भी सीखो ताकि जीवन में पुण्य के रास्ते भी खुले रहेंगे।यह विचार वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने रविवार को नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मोजूद थे।

मुनिश्री ने कहाकि पुण्य को कमाने, पुण्य को भोगने, पुण्य को त्यागने और पुण्य को बांटने के रास्ते गुरुभक्तों को बताते हुए कहा कि तुम्हारा कमाया हुआ पैसा दिखाई देता है, संपत्ति पर आपकी नजर रहती है, मगर आपके पुण्य का हिसाब-किताब भगवान रखता है। पुण्य आपका विश्वास है, मगर जिस दिन ये पुण्य विचार बनेगा उस दिन पुण्य साकार हो जाएगा।

### मुनिश्री ने भगवान आदिनाथ का अभिषेक व शातिधारा मंत्रो के साथ कराई

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम मुनि श्री विहर्षसागर जी महाराज ने मंत्रों के साथ भगवान आदिनाथ की प्रतिमा का जलअभिषेक कलशों से अनिल जैन, अजय जैन, विजय जैन, विकाश जैन, राहुल जैन आदि लोगों ने जयकारों के साथ किया। धर्मसभा का शुभारंभ ब्राह्मचारिणी प्रियंका दीदी ने मंगल चरण कर किया।मुनिश्री के चरणों में समिति के डॉ वीरेंद्र गंगवाल, विनय कासलीवाल, पंकज बाकलीवाल, अनिल जैन, प्रकाशचंद जैन, योगेश बोहरा, आशीष जैन आदि गुरु भक्तों ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। मुनिश्री के ऑनलाइन शास्त्र प्रवचन प्रतिदिन 9-00 बजे बजे से होते है।

### भोग को नहीं त्याग को आदर्श बनाओ'

मुनिश्री ने कहा आज का इंसान त्याग करने की बजाय भोग पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। सुरा-सुंदरी का चक्कर, पब, बारों आदि में लाखों रुपए लूटा रहा है, मगर धर्म और दान के नाम पर इनके जेब से पांच रुपए नहीं निकलते है। फिर पुण्य की आशा भी करता है। ऐसे लोग ये भूल जाते है कि धन से जीवन धन्य नहीं होता है, इसके लिए धन का परित्याग करना पड़ता है, और इस परित्याग से आने वाले पवित्रता ही पुण्य की प्राप्ति का माध्यम बनती है।

## रोड सेफ्टी व कोविड के प्रति जागरूकता के लिए अलख को मिला सम्मान



### प्रभारी मंत्री ने गणतंत्र दिवस पर अलख संस्था को किया सम्मानित ..

ग्वालियर।

73 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर॒द्यड्डद्मद्ध ÷अलख ÷संस्था को प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट और कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने किया सम्मानित...

रोड सेफ्टी अवेयरनेस और कोविड-19 जागरूकता अभियान में सहयोग देने के लिए किया सम्मानित...

अलख-- संस्था के सचिव जावेद खान ने प्राप्त किया सम्मान..।

# स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी सभी नगरीय निकायों में प्राथमिकता के साथ की जाए








### संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने स्वच्छता कार्यशाला में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों के लिये प्रदेशभर में फरवरी माह को स्वच्छता संकल्प माह के रूप में मनाया जायेगा। प्रदेश के सभी जिले स्वच्छता सर्वेक्षण से पूर्व अपनी सभी तैयारियां कर लें। इसी उद्देश्य से यह आयोजन होगा। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने नगर निगम कार्यालय के सभाकक्ष में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये आयोजित संभागीय कार्यशाला में यह बात कही।

स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 की तैयारियों के लिये ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों के स्वच्छता से जु? अधिकारियों को ग्वालियर नगर निगम द्वारा किए जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 की तैयारियों के लिये कार्यों का अवलोकन कराया जा रहा है। रविवार को भी दतिया एवं भिण्ड जिले के अधिकारियों को ग्वालियर निगम के विभिन्न साइडों का भ्रमण कराने के साथ ही नगर निगम कार्यालय के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर ग्वालियर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, कलेक्टर दतिया श्री संजय कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल सहित स्वचछता से जु? भिण्ड एवं दतिया के साथ ही ग्वालियर नगर निगम के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कार्यशाला में बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में नगरीय निकायों के साथ-साथ सम्पूर्ण जिले की भी रैंकिंग की जायेगी। जिला कलेक्टर अपने-अपने जिले में सर्वेक्षण से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां अवश्य कर लें। इसके साथ ही सर्वेक्षण में की जा रही गतिविधियों को स्वच्छ भारत मिशन की साइट पर भी अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में जिन गतिविधियों के नम्बर हैं, उन गतिविधियों को निर्धारित समय पर ही करें ताकि सर्वेक्षण के दौरान अंक मिल सकें।

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने यह भी कहा कि फरवरी माह में आयोजित स्वच्छता संकल्प माह में स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में प्रत्येक नगरीय निकाय को ओडीएफ++ प्रमाणीकरण प्राप्त करने, गार्वेज फ्री सिटी स्टार रैंकिंग में नगर निगमों को फाइव स्टार तथा अन्य नगरीय निकायों को न्यूनतम थ्री स्टार प्राप्त करना है। इसके साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रेरक दौ? श्रेणी में सभी नगरीय निकायों को कम से कम दो गोल्ड / सिल्वर प्राप्त करना है। कार्यशाला में उपस्थित सभी लोगों को प्रजेण्टेशन के माध्यम से स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में किस प्रकार से अंक विभाजित हैं और उसके लिये क्या-क्या गतिविधियां की जाना है, इसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ग्वालियर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं कलेक्टर दतिया श्री संजय कुमार ने अपने ङ्क अपने जिलों के नगरीय निकायों में किए जा रहे कार्यों के संबंध में भी अपनी बात रखी।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478